जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 136, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 12 जून 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट



# अब एक्शन में योगी सरकार

## कहीं कर्फ्यू तो कहीं इंटरनेट बंद, सहारनपुर में दो उपद्रवियों के घर चला बुलडोजर, ममता बोलीं- भाजपा का गुनाह जनता क्यों भुगते; हावड़ा पुलिस कमिश्नर और एसपी को हटाया

**नई दिल्ली/प्रयागराजः** पैगम्बर मोहम्मद पर विवादित टिप्पणी को लेकर शुक्रवार को कई शहरों में बवाल हुआ। इस दौरान प्रदर्शन, हिंसा, पत्थरबाजी और आगजनी की भी घटनाएं हुईं। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, झारखंड के रांची और पश्चिम बंगाल के हावड़ा में सबसे ज्यादा बवाल हुआ। प्रयागराज में उपद्रवियों के पथराव और आगजनी में आईजी समेत 18 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। एसएसपी और डीएम को भी चोट आई। झारखंड की राजधानी रांची में हिंसा में 25 लोग घायल हुए हैं। यहां पुलिस की गोली से दो उपद्रवियों की मौत भी हुई है। पूरे शहर में कर्फ्यू लगा दिया गया है। हावड़ा में शुक्रवार को शुरू हुआ बवाल शनिवार को भी जारी है। यहां उपद्रवियों के पथराव में 15 से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। इन घटनाओं के बाद पुलिस एक्शन में है। जहां-जहां उपद्रव हुए हैं, वहां पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है।

**उत्तर प्रदेशः** शुक्रवार को सबसे ज्यादा उपद्रव उत्तर प्रदेश के अलग-अलग शहरों में देखने को मिला। जिन शहरों में हिंसक प्रदर्शन हुए उनमें प्रयागराज, सहारनपुर, मुदारबाद, हाथरस, अम्बेडकरनगर और फिरोजाबाद शामिल हैं। हिंसा के बाद राज्य की पुलिस एक्शन में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इन घटनाओं को लेकर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। राज्य के अलग-अलग जिलों में अब तक 300 से ज्यादा उपद्रवी पकड़े जा चुके हैं। प्रयागराज से 80, हाथरस से 55, फिरोजाबाद से आठ, अंबेडकरनगर से 28 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पांच हजार से ज्यादा अज्ञात उपद्रवियों पर एफआईआर दर्ज हुई है। इनकी पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज, वीडियो और फोटो से की जा रही है। प्रयागराज हिंसा का मास्टरमाइंड मुहम्मद जावेद भी पकड़ा जा चुका है। कहा जा रहा है कि कई उपद्रवियों के घर पर बुलडोजर भी चलेगा। तीन जून को कानपुर में हुई हिंसा के मामले में इस तरह की कार्रवाई की शुरूआत भी हो चुकी है। यहां हिंसा के मुख्य आरोपी जफर हयात के करीबी मोहम्मद इश्तियाक की अवैध इमारत पर बुलडोजर चला।



**झारखंडः** यहां की राजधानी रांची में सबसे हिंसक प्रदर्शन हुआ। इसमें दो लोगों की जान भी गई है। 25 लोग घायल हुए हैं। शहर के 12 थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू है। बाकी शहर में धारा 144 लगा दी गई है। लोगों को घर से बाहर नहीं निकलने के लिए कहा गया है। घर से निकलने वालों को तुरंत गिरफ्तार करने का आदेश है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। कल तक इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं हैं।

### जामा मस्जिद के बाहर बिना अनुमति प्रदर्शन, एफआईआर दर्ज

**दिल्ली** : जामा मस्जिद के बाहर बिना अनुमति के प्रदर्शन करने के मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। डीसीपी सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट श्वेता चौहान ने कहा कि मामला दर्ज करके प्रदर्शनकारियों की पहचान की जा रही है। हालांकि, यहां पर किसी तरह की हिंसा का मामला सामने नहीं आया था। इसके अलावा तेलंगाना, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में अलग-अलग शहरों में बवाल के मामले सामने आए हैं।

ये पूरा बवाल हुआ किस वजह से?

विवाद वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद मामले पर हो रही एक टीवी बहस के दौरान नुपुर द्वारा की गई टिप्पणी पर शुरू हुआ। इस मामले में नुपुर के खिलाफ अलग-अलग जगहों पर एफआईआर दर्ज हो चुकी है। वहीं, भाजपा ने भी नुपुर पर कार्रवाई करते हुए उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया है।

## पैंगबर विवाद पर हावड़ा में लगातार दूसरे दिन हिंसा



**कोलकाता : पैगंबर** पर कथित विवादित टिप्पणी के खिलाफ शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद हिंसा भड़क उठी थी। देश के तीन राज्यों उत्तर प्रदेश, झारखंड और पश्चिम बंगाल में लोग सड़कों पर उतरे, तो कई जगह पथराव हुआ। उत्तर प्रदेश के 8 शहरों प्रयागराज, मुरादाबाद, सहारनपुर, फिरोजाबाद, अंबेडकरनगर, हाथरस, अलीगढ़, जालौन में लोगों ने जमकर बवाल किया था। इधर, बंगाल के हावड़ा में लगातार दूसरे दिन, यानी शनिवार को भीड़ ने पुलिस पर पथराव किया। भीड़ को खदेड़ने के लिए पुलिस ने आंसू गैस का इस्तेमाल किया। हावड़ा में कानून व्यवस्था की खराब स्थिति को देखते हुए यहां के पुलिस कमिश्नर और पुलिस अधीक्षक (एसपी) को बदल दिया गया है। इस बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हिंसा के लिए एक बार फिर से भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा है कि बीजेपी का गुनाह लोग क्यों भुगतें? ममता ने सोशल मीडिया पर लिखा– हावड़ा जिले में लगातार दूसरे दिन हिंसा हो रही है। इसके पीछे कुछ राजनीतिक दल हैं, जो चाहते हैं कि दंगे हों, लेकिन यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसा करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने सवाल पूछा कि भाजपा के गुनाह और लोगों को तकलीफ? इधर, हावड़ा के हिंसाग्रस्त इलाकों में जाने की कोशिश कर रहे बंगाल भाजपा के अध्यक्ष सुकांत मजुमदार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

## 'पढ़ी लिखी होने से महिला को नौकरी के लिए बाध्य नहीं कर सकते'

**मुंबईः** गुजारा भत्ते से जुड़े एक मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने अहम टिप्पणी की है। हाईकोर्ट ने साफ कहा कि यदि कोई महिला पढ़ी लिखी है तो उसे नौकरी करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। इस मामले में पति ने उससे अलग रह रही पत्नी को गुजारा भत्ता देने के निचली कोर्ट के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। बॉम्बे हाईकोर्ट की एकल पीठ की न्यायाधीश भारती डांगरे ने पुणे के परिवार न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले की पुनरीक्षण याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करते हुए उक्त टिप्पणी की ।

## सीएम योगी की सुरक्षा में हुई चूक, आठ पुलिसकर्मी निलंबित



**गोरखपुरः** गोरखपुर में सीएम योगी आदित्यनाथ की सुरक्षा-व्यवस्था में बड़ी चूक सामने आई है। शुक्रवार की सुबह एयरपोर्ट जाते समय उनकी फ्लीट में बाहरी वाहन घुस गए। इससे अफरा-तफरी मच गई। अधिकारियों ने किसी तरह स्थिति संभाली। एसएसपी ने एयरपोर्ट के बाहर सुरक्षा-व्यवस्था में लगे इंस्पेक्टर समेत आठ पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को भाजपा को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का गोरखपुर में कार्यक्रम था। दिल्ली से गोरखपुर पहुंचने पर सीएम योगी उन्हें रिसीव करने 11.28 बजे एयरपोर्ट जा रहे थे। गेट के पास जैसे ही वाहन अंदर जाने के लिए मुड़े कुसम्ही की तरफ से आ रहे वाहन फ्लीट के सामने आ गए। एसएसपी डॉ. विपिन ताड़ा ने मामले की जांच कराई तो पता चला कि एयरपोर्ट से पूरब तक वाहनों को रोकने के लिए जिन पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगी थी उन्होंने लापरवाही बरती है। कुसम्ही की तरफ से आने वाले वाहनों को उन्होंने एयरपोर्ट की तरफ भेज दिया। इस लापरवाही के आरोप में एसएसपी ने ड्यूटी पर तैनात अपराध शाखा के इंस्पेक्टर यदुनंदन यादव, दारोगा अजय राय, गीडा थाने में तैनात आरक्षी बृजेश यादव, सतेन्द्र यादव, विवेक मिश्रा तिवारीपुर थाने में तैनात आरक्षी सुजीत यादव, महिला आरक्षी अरुणिमा मिश्रा और कैंट थाने में तैनात महिला आरक्षी किरन चौधरी को निलंबित कर दिया। जांच में पता चला कि सीएम की सुरक्षा-व्यवस्था में लगे इंस्पेक्टर यदुनंदन यादव व दारोगा अजय राय के पास वायरलेस हैंडसेट ही नहीं था। अधिकारियों के पूछने पर वह कोई जवाब ही नहीं दे पाए। एसएसपी ने वीआइपी दौरे के दौरान इसे बड़ी लापरवाही माना।

## अवैध प्रवासियों को नागरकिता दिलाने का आरोप, गिरफ्तार

**बेंगलुरुः** बांग्लादेश के अवैध प्रवासियों को आधार और अन्य दस्तावेज दिलाने में मदद करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। गिरोह ने चार करोड़ रुपये को बांग्लादेशी मुद्रा में बदला और इसे एक सिर्फ एक साल के भीतर ही पड़ोसी देश में ट्रांसफर कर दिया था। बेंगलुरु ग्रामीण पुलिस ने बाताया कि उन्होंने एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर और एक फार्मासिस्ट सहित नौ सदस्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है जो कथित तौर पर अवैध प्रवासियों, खासतौर पर बांग्लादेश से आए, को आधार कार्ड और नागरिकता संबंधी दस्तावेज हासिल करने में मदद कर रहे थे।

## रास चुनावः नतीजे चौंकाने वाले नहीं- शरद पवार



**मुंबईः** महाराष्ट्र में राज्यसभा चुनाव परिणाम को लेकर अब प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गई हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी(एनसीपी) के मुखिया शरद पवार का बयान सबसे पहले सामने आया है। पवार ने कहा कि महाराष्ट्र में उलटफेर इसलिए हुआ क्योंकि भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस निर्दलीय उम्मीदवारों को अपने पक्ष में करने में कामयाब रहे। जिससे परिणाम पर फर्क पड़ा। लेकिन यह सरकार की स्थिरता (महा विकास अघाड़ी) को प्रभावित नहीं करेगा। हालांकि परिणाम मुझे आश्चर्य नहीं करता। कांग्रेस, शिवसेना, एनसीपी को कोटा के अनुसार वोट दिया गया है, सिवाय (एनसीपी के) प्रफुल्ल पटेल को जिन्हें अतिरिक्त वोट मिला है। वह वोट एमवीए से नहीं है, यह दूसरी तरफ से है। पवार ने कहा कि एमवीए ने कुछ संख्या कम होने के बावजूद छठी सीट जीतने का साहसी प्रयास किया, लेकिन किसी को उस चमत्कार को स्वीकार करना होगा, जिसमें भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस निर्दलीय और छोटे दलों को दूर करने में सफल रहे, जिनसे एमवीए को समर्थन की उम्मीद थी।

**हार कबूल हैः** राज्यसभा चुनाव परिणाम पर एनसीपी नेता सुप्रिया सुले ने कहा कि मैं भाजपा को उनके प्रदर्शन के लिए बधाई देता हूं। हम अपनी हार कबूल करते हैं। हमें स्पष्ट रूप से आत्मनिरीक्षण करने की आवश्यकता है कि क्या सही हुआ और क्या गलत हुआ। यदि आप संख्याओं को देखें, तो स्पष्ट रूप से हमारे पास अंत तक सही संख्याएं नहीं थीं। लेकिन हमने एक मौका लिया।

## राष्ट्रपति चुनावः विपक्ष को लामबंद करने में जुटी ममता



**कोलकाताः** राष्ट्रपति चुनाव के नजदीक आते ही पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रणनीति बनाना शुरू कर दी है। इसके मद्देनजर बंगाल की मुख्यमंत्री 15 जून को दिल्ली के कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में विपक्ष के मुख्यमंत्री और नेताओं के साथ एक संयुक्त बैठक में भाग लेंगी। इसके लिए ममता ने 22 नेताओं को चिट्ठी भी लिखी है। इनमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, केरल के सीएम पिनरई विजयन, ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, तेलंगाना सीएम के चंद्रशेखर, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और पंजाब के सीएम भगवंत मान शामिल हैं। ममता बनर्जी ने कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को भी खत लिखा है।

## यूएन के प्रस्ताव में पहली बार हिंदी अपनाने का जिक्र

**नई दिल्लीः** संयुक्त राष्ट्र महासभा की ओर से बहुभाषावाद पर भारत के प्रस्ताव को पारित किया गया है। संयुक्त राष्ट्र ने अपनी भाषाओं में हिंदी को शामिल कर लिया है। प्रस्ताव में संयुक्त राष्ट्र के कामकाज में हिंदी व अन्य भाषाओं को भी बढ़ावा देने का पहली बार जिक्र किया गया है।

**पहले जान लें यूएनजीए आधिकारिक भाषाएंः** संयुक्त राष्ट्र महासभा की छह आधिकारिक भाषाएं हैं। इनमें अरबी, चीनी(मैंडरिन), अंग्रेजी, फ्रेंच, रूसी और स्पेनिश शामिल है। इसके अलावा अंग्रेजी और फ्रेंच संयुक्त राष्ट्र सचिवालय की कामकामी भाषाएं हैं। लेकिन, अब इसमें में हिंदी को भी शामिल किया



गया है। इसका साफ मतलब यह है कि संयुक्त राष्ट्र के कामकाज, उसके उद्दश्यों की जानकारी यूएन की वेबसाइट पर अब हिंदी में भी उपलब्ध होगी।

**क्या है यूएन का बहुभाषावाद प्रस्तावः** एक फरवरी, 1946 को पहले सत्र में यूएनजीए ने एक प्रस्ताव पास किया था। प्रस्ताव 13(1) के तहत यूएन ने कहा था, संयुक्त राष्ट्र अपने उद्देश्यों को तब तक प्राप्त नहीं कर सकता जब तक दुनिया के लोगों को इसके उद्देश्यों और एक्टिविटीज के बारे में पूरी जानकारी नहीं हो। बहुभाषावाद पर भारत कई वर्षों से यूएन में हिंदी को मान्यता दिलाने का प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में भारत की ओर से एक प्रस्ताव पेश किया गया था।

इसके पेश करते हुए संयुक्त राष्ट्र के कामकाज में हिंदी व अन्य भाषाओं को भी बढ़ावा देने का पहली बार जिक्र किया गया है। शुक्रवार को पारित प्रस्ताव में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र हिंदी भाषा सहित आधिकारिक और गैर-आधिकारिक भाषाओं में महत्वपूर्ण संचार और संदेशों का प्रसार जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करता है।

### 5 महीने में 90 आतंकियों का सफाया, इस साल 300 के एनकाउंटर का टारगेट, पुलिस को फ्री हैंड

## कश्मीर में अब एनकाउंटर राज

**श्रीनगरः** 'कल भी एनकाउंटर हुआ था, आज भी होगा...और ये तब तक होता रहेगा जब तक एक भी मिलिटेंट जिंदा है। अमन के दुश्मनों को हम जीने नहीं देंगे। अंडर ग्राउंड या ओवरग्राउंड कैसा भी, अब आतंक का कारोबार कश्मीर में नहीं चलेगा।' जम्मू-कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह ने यह बात दैनिक भास्कर से बातचीत में कही। इसके कुछ घंटे बाद कश्मीर जोन की पुलिस के ट्विटर हैंडल के साथ एक ट्वीट हुआ- अवंतीपोरा के राजपोरा इलाके में एनकाउंटर शुरू हो गया है।

**बंद नहीं, एनकाउंटर बनी कश्मीर की पहचानः**

असल में कश्मीर की फिजा अब



बदल गई है। 3 साल पहले जिस तरह से 'बंद' कश्मीर की पहचान थी, ठीक उसी तरह अब 'एनकाउंटर' की खबर लोगों के लिए एक आम खबर है। कश्मीर पुलिस जोन के ट्विटर हैंडल में 'एनकाउंटर' उसी तरह अपडेट हो रहे हैं जैसे किसी मीडिया संस्थान में बुलेटिन होते हैं। कब, किसे मारा गया, कौन-कौन से हथियार बरामद हुए, आतंकी का नाम, उसका संगठन सब कुछ। एक पुलिस अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा, 'ट्विटर अपडेट किसी दिखावे में नहीं किया जा रहा। यह हमारी स्ट्रैटेजी का हिस्सा है, दरअसल घाटी से आतंक और खौफ दोनों का सफाया करना है।' 'गोली से आतंकी का सफाया करते हैं और ट्विटर अपडेट से 'खौफ' का। सरकार का मैसेज साफ है, आतंकी की मौत की खबर सबको लगनी चाहिए, केवल हमें नंबर कम नहीं करने हैं, बल्कि उनके कॉन्फिंडेंस को तोड़कर रख देना है। आतंक के आकाओं के मंसूबों को ध्वस्त करना है।

## मुंबई में मानसून ने दी दस्तक

**मुंबईः** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में पूरी रात बारिश होने के बाद मौसम विभाग ने यहां दक्षिण पश्चिम मानसून के दस्तक देने की घोषणा कर दी है। मौसम विभाग के मुताबिक बीते 24 घंटों में कोलाबा में रिकॉर्ड 61.8 मिलिमीटर की बारिश दर्ज की गई वहीं संताक्रूज में 41.3 मिलिमीटर की बारिश दर्ज की गई।

**मौसम विभाग ने दी बड़ी जानकारीः** मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मानसून मध्य अरब सागर के शेष हिस्सों, कोंकण के अधिकांश हिस्सों (मुंबई सहित), मध्य महाराष्ट्र के



कुछ हिस्सों, कर्नाटक के कुछ और हिस्सों से आगे बढ़ गया है। मौसम विभाग ने कहा है कि उत्तरी अरब सागर, गुजरात राज्य, मराठवाड़ा के कुछ हिस्सों, तेलंगाना के कुछ और हिस्सों, आंध्र प्रदेश के कुछ और हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए स्थितियां अनुकूल बनी रहेंगी।

## खबर संक्षेप

### आहोपुर गांव में झोपड़ी में लगी आग सामान जलकर हुआ खाक

**मेजा रोड।** दिघिया पुलिस चौकी क्षेत्र के आहोपुर गांव में शनिवार को झोपड़ी में आग लग गई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। तब तक घर में रखी मोटरसाइकिल समेत लाखों का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित ने प्रशासन से मुआवजा दिलाने की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार, आहोपुर गांव निवासी राम लखन शुक्ला पुत्र राम चुम्मन शुक्ला का परिवार घर में था। घर के पास झोपड़ी में एक मोटरसाइकिल सहित गृहस्थी के सामान रखे थे। शनिवार को झोपड़ी में भीषण आग लग गई। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने दो घंटे की मशक्कत कर ट्यूबवेल और सबमर्सिबल से आग पर काबू पाया। तब तक झोपड़ी में रखी एक मोटरसाइकिल सहित गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित की तहरीर पर जांच शुरू पीड़ित ने आग लगने के मामले में अज्ञात के खिलाफ मांडा थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मांडा थानाध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ आग लगाने का आरोप लगाया है।

# बालू लदे ओवरलोड ट्रक की चपेट में आने से युवक की हुई मौत






अखंड भारत संदेश

**हंडिया प्रयागराज।** हंडिया तहसील में एक युवक की ट्रक की टपेट में आने से मौत हो गई। जबकि एक महिला और 2 साल का बच्चा घायल हो गया है। घटना उतरांव थाना क्षेत्र के नव बाजार नेशनल हाईवे सर्विस रोड की है। पुलिस ने मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड से पहचान करते हुए परिजनों को सूचना दी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।चकनेन्दू थाना हंडिया निवासी शैलेश भारतीय पुत्र जीतलाल उम्र 25 वर्ष मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। दोपहर को वह अपनी मोटरसाइकिल से गांव निवासी सीता मौर्या पत्नी रविशंकर और उसके दो साल के बेटे रिशु को लेकर के झूंसी स्थित सीता देवी के नए मकान के गृह प्रवेश में शामिल होने के लिए जा रहे थे। जैसे ही लगभग साढ़े तीन बजे के करीब उतराव थाना क्षेत्र के नव बाजार हाईवे सर्विस रोड पुलिया से निकल ही रहा था कि हण्डिया की तरफ जा रहा तेज रफ्तार बालू से भरा ओवरलोड ट्रक की चपेट में आ जाने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई।दुर्घटना में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। ट्रक में बाइक फसकर लगभग 100 मीटर तक घिसटती हुई हाइवे के बगल नाले में जा रुकी। वहीं चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेते हुए मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। जिसके दो बेटे व एक बेटी हैं। मृतक युवक की मौत से पत्नी तारा देवी समेत परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### इलाहाबाद हाई कोर्ट से नकली पान मसाला बनाने और बेचने वाले व्यवसायियों को राहत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा है कि स्पेशल एक्ट में उपबंधित अपराध से संबंधित आइपीसी की धाराएं प्रभावी नहीं मानी जाएंगी। संबंधित अपराध में स्पेशल एक्ट के तहत ही मुकदमा चलाया जाना चाहिए। यह आदेश न्यायमूर्ति साधनारानी ठाकुर ने कानपुर के गुटखा व्यवसायी संतोष सहगल की याचिका को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए दिया है। इनके ऊपर नकली पान मसाला बनाने और असली से आधे दाम पर बेचने का आरोप है। कोर्ट ने कहा, विशेष कानून हैं तो आइपीसी के तहत कार्रवाई सही नहीं अधिवक्ता उत्कर्ष मालवीय ने याचिका पर बहस की। याची के खिलाफ शिकायत थी कि वह कई ब्रांडेड कंपनियों के नाम से नकली पान मसाला बनाकर आधे दाम पर बेच रहा है। इस शिकायत पर पुलिस ने छापा मारकर उसकी फैक्ट्री से नकली गुटखा बनाने का सामान व कई ब्रांडेड कंपनियों के पाउच बरामद किए। बाद में पुलिस ने नकली खाद्य सामग्री बनाने के आरोप में भी याची के खिलाफ आइपीसी की धारा-272 व 419 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। याची अधिवक्ता का कहना था कि मिलावटी खाद्य पदार्थ बनाने के मामले में सरकार ने विशेष अधिनियम फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड एक्ट लागू किया है। ऐसी स्थिति में स्पेशल एक्ट आने के बाद आइपीसी की धाराओं के तहत चार्जशीट दाखिल करना अनुचित है।

# नायब तहसीलदार व एक्साइज इंस्पेक्टर के 50-50 पद बढ़े, आज होगी परीक्षा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** पीसीएस-2022 में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए चयन के अवसर बढ़ गए हैं। प्रारंभिक परीक्षा से पहले पदों की संख्या बढ़ गई है। आयोग को नायब तहसीलदार और एक्साइज इंस्पेक्टर के 50-50 पदों का नया अधियाचन मिला है। पदों की संख्या बढ़कर अब साढ़े तीन सौ के आसपास पहुंच गई है। इन पदों पर भर्ती के लिए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की ओर से 12 जून को प्रदेश के 28 जिलों में प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की जाएगी।यूपीपीएससी ने पीसीएस-2022 का विज्ञापन 16 मार्च 2022 को जारी किया था। तब आयोग को पीसीएस के 250 पदों का अधियाचन मिला था। परीक्षा से पहले आयोग को 100 नए पदों का अधियाचन मिल गया है। वहीं, पूर्व में जिन पदों का अधियाचन मिला था, उनमें एसडीएम के 39 पद, डिप्टी एसपी के 93, बीडीओ के 36, नायब तहसीलदार के 34, बेसिक शिक्षा अधिकारी के 13, एआरटीओ के चार, डीपीआरओ के पांच और सीडीपीओ के 14 पद शामिल थे। पदों की संख्या बढ़ने के बाद आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए चयन के अवसर बढ़ गए हैं।नियमतः प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम आने तक जितने पदों का अधियाचन आता है, उन्हें भर्ती में शामिल कर लिया जाता है। ऐसे में पीसीएस-2022 में पदों की संख्या अभी और बढ़ सकती है। पीसीएस-2022 के लिए कुल 603536 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं। प्रारंभिक परीक्षा रविवार को प्रदेश के 28 जिलों में सुबह 9.30 से 11.30 और अपराह्न 2.30 से 4.30 बजे की पाली में आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए प्रदेश भर में 1303 केंद्र बनाए गए हैं।

योगी सरकार का फैसला

# यूपी में आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे कैदी 60 साल से पहले हो सकेंगे रिहा


अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे कैदियों को अब 60 साल की उम्र से पहले रिहाई मिल सकती है। नई कारावास नीति के तहत समय पूर्व कैदियों की रिहाई पर विचार किया जाएगा। हालांकि इसके लिए दो शर्तें हैं। पहली शर्त ये कि कैदी को बिना छूट के दोषी ने जेल में 16 साल की सजा पूरी की हो। इसके अलावा दूसरी शर्त ये कि कैदी की रिहाई तभी होगी जब उसने छूट के साथ 20 साल की सजा पूरी की हो। इसके अलावा एक और शर्त है और वो ये कि इसका फायदा सिर्फ हत्या के मामले में दोषी कैदी को ही मिलेगा। नई कारावास नीति के तहत हत्या का दोषी जिसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है उसे समय से पहले रिहा करने पर विचार किया जाएगा। समय पूर्व रिहाई की नीति यूपी सरकार ने साल 2018 में ही तैयार कर ली थी लेकिन समय सीमा का निर्धारण नहीं हो पाया था। अब इसपर फैसला लिया गया है। 2021 में आजीवन कारावास मामले में रिहाई की उम्र 60 साल तय की गई थी लेकिन इस नियम को पिछले महीने खत्म कर दिया गया। इससे यूपी की जेलों में बढ़ रहा बोझ कम होगा। यूपी के प्रयागराज, वाराणसी, बरेली, फतेहगढ़, इटावा और आगरा के केंद्रीय कारागार में दोष सिद्ध किए गए कैदियों को रखा जाता है। यूपी की जेलों में 70 हजार कैदियों को रखने की क्षमता है लेकिन इस वक्त यूपी की जेलों में 1.14 लाख कैदी बंद हैं। जेल अधिकारी के मुताबिक इनमें से 30 हजार कैदियों को दोषी करार दिया गया है। जिनमें से 12 हजार आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे हैं। यूपी कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा विभाग ने केंद्रीय कारागारों को चिट्ठी लिखकर उन कैदियों की जानकारी मांगी है जो समय पूर्व रिहाई की कैटेगिरी में आते हैं।

### डा. प्रकाश चंद्र के स्वजनों ने लगाया जेल में हत्या का आरोप, हाई कोर्ट में दायर करेंगे याचिका

**प्रयागराज।** केंद्रीय कारागार नैनी में निरुद्ध प्रयागवाल सभा के अध्यक्ष डा. चंद्र प्रकाश मिश्र की मौत का मामला तूल पकड़ चुका है। स्वजनों ने उनकी जेल में हत्या करने का आरोप लगाया है। न्याय के लिए इलाहाबाद हाई कोर्ट में याचिका दाखिल करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री के पोर्टल पर शिकायत करके मामले की निष्पक्ष जांच व मुआवजा की मांग की जाएगी। वहीं, शनिवार को डा. के पार्थिव शरीर का तीन डाक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हार्ट अटैक से मौत की पुष्टि हुई है। पोस्टमार्टम के बाद दारागंज श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार हुआ। मुखाग्नि बड़े बेटे विराट चंद्र मिश्र ने दी। अंतिम दर्शन को घाट पर काफी तीर्थपुरोहित मौजूद रहे।तीर्थपुरोहितों की प्रमुख संस्था प्रयागवाल सभा के अध्यक्ष डा. प्रकाश चंद्र के खिलाफ वर्ष 2019 में हुए एक विवाद में जमानती वारंट जारी था। इस पर सात जून को उन्होंने कोर्ट में समर्पण किया था। इसके बाद उनकी जमानत अर्जी खारिज करके नैनी सेंट्रल जेल भेज दिया गया। जेल के बैरक नंबर छह में उनकी हालत बिगड़ने लगी। तेज बुखार आने पर स्वजनों ने जेल प्रशासन से अस्पताल में भर्ती कराने का आग्रह किया, लेकिन उनकी नहीं सुनी गई। डा. प्रकाश के चार बेटों में सबसे छोटे विभव मिश्र का कहना है कि उनके पिता बैरक में गिरकर बेसुध हो गए तब खानापूर्ति के लिए अस्पताल लाया गया। कहा कि उनकी तबीयत पहले से खराब थी। इलाज का पर्चा भी दिखाया गया, लेकिन किसी ने नहीं सुनी। जेल में इलाज व जरूरी दवाएं नहीं मिल पा रही थी।

# अटाला के दर्जनों युवक भागे, कई घरों में लगे ताले



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** विवादित बयान को लेकर हुए बवाल के बाद अटाला के दर्जनों युवक घर छोड़कर भाग गए हैं। करीब एक दर्जन से अधिक घरों में रात में ही ताले लटक गए। जिन गलियों से पुलिस पर पथराव हुआ था, वहां अंदर की तरफ रहने वाले ज्यादातर परिवार के युवक घर में नहीं हैं। ज्यादातर घरों में रात में महिलाएं ही थीं। पुलिस ने आसपास के घरों में छापामारी की तो कई घरों में ताले लटके मिले। जिन दुकानों के पीछे से पथराव हुआ था वहां भी लोग शुक्रवार शाम से गायब हैं। पुलिस पकड़े गए एक दो युवकों को साथ लेकर आरोपितों की तलाश कर रही है। कई घरों में तो जानबूझ कर ताले लगा दिए गए हैं।

### प्रशासन ने लोगो से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

**नैनी।** शनिवार को शेख लियाकत अली जन सम्पर्क अधिकारी के आवास पर एक आपातकालीन बैठक बुलाई गई। बैठक में स्थिति पर विचार विर्मश किया गया।प्रभारी अभय राज सिह ने क्षेत्राधिकारी करछना से टेलीफोनिक वातार्लाप किया, उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें ,नैनी चौकी प्रभारी को साथ लेकर क्षेत्र का भ्रमण कीजिये,और कुछ असामान्य गतिविधियो पर मुझे भी अवगत कराये।बैठक में प्रभारी अभय राज सिंह,उप प्रभारी परवेज अहमद,जनसम्पर्क अधिकारी शेख लियाकत अली,मीडिया प्रभारी विरेन्द्र पटेल,रवि मिश्रा,घनश्याम जायसवाल,रामजी जायसवाल,शुशील शर्मा,पंकज मलिक,एव राकेश सोनकर,प्रदीप, इकरामउल्लाह,दीपक केसरवानी,आदि उपस्थित रहे।

## बवाल के बाद सुबह तक चला ऑपरेशन क्लीन

**प्रयागराज।** जुमे की नमाज के बाद पुलिस पर हुए पथराव के बाद नगर निगम का ऑपरेशन क्लीन शनिवार सुबह चार बजे तक चला। शुक्रवार को कई गलियां ईंट-पत्थर से पट गई थी जिसे साफ करने के लिए शाम को नगर निगम ने जेसीबी लगाई। शनिवार सुबह सड़कों को साफ करने के बाद नगर निगम के दस्ते ने अटाला में निमार्णाधीन मकानों के आसपास मलवा हटाया। नगर निगम के उप नगर आयुक्त मयंक यादव ने बताया कि सड़क और गलियों की सफाई के बाद दस्ते ने निमार्णाधीन मकानों के आसपास मलवा हटाने का काम शुरू हुआ। क्षेत्र में लगभग एक दर्जन मकानों के आसपास मलवा उठाया गया। इसके बाद आसपास के मोहल्लों में भी निमार्णाधीन मकानों के आसपास मलवा हटाया जाएगा।




# 30 जून तक पूरा हो जाएगा पाइपलाइन डालने का काम

## सांसद रीता बहुगुणा जोशी से स्थानीय लोगों की मुलाकात, गिनाईं समस्याएं

अखंड भारत संदेश



**शंकरगढ़।** यमुनापार भ्रमण के दौरान प्रयागराज की सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने विभिन्न इलाकों का सघन दौरा कर कार्यकताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने यमुनापार क्षेत्र के लोगों की समस्याएं भी सुनीं। शिकायतों के निस्तारण के क्रम में उन्होंने शंकरगढ़ की पेयजल समस्या के लिए जल निगम को निर्देशित किया।इस पर जल निगम के अधिकारियों ने बताया कि नगर पंचायत शंकरगढ़ में पेयजल प्रोजेक्ट के तहत बिछाई जा रही पाइप लाइन का कार्य अंतिम चरण में है। 30 जून तक उसे पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही शंकरगढ़ की पेयजल समस्या का स्थाई समाधान हो जाएगा। यमुनापार के भ्रमण के दौरान लोगों ने सांसद से जसरा रेलवे फाटक, कपारी रोड के चौड़ीकरण, समय से नहर चलाने की भी मांग की। क्षेत्र भ्रमण के दौरान सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने कपारी में एक व्यापारिक प्रतिष्ठान अपोलो टायर हाउस का उद्घाटन भी किया।मौके पर सांसद के साथ प्रतिनिधि संत प्रसाद पांडेय, अभिषेक शुक्ल, दिनेश तिवारी, रामकृष्ण पांडेय, राजेश पांडेय, शिवकुमार, विनोद कुमार, सुजीत श्रीवास्त, गौरव श्रीवास्तव समेत तमाम लोग मौजूद रहे। इसके बाद सांसद ने नारीबारी में मंडल अध्यक्ष अंजनीलाल के यहां आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। यहां पर नवनिर्मित उमा महेश्वर मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सहभागिता की।

# शोषण व अन्याय के विरुद्ध लड़ाई लड़ते रहे अहिल्याबाई होल्कर : राजकुमार पाल

अखंड भारत संदेश

**रत्योंरा।** अहिल्याबाई होल्कर कुशल शासिका व समाज सुधारक के साथ-साथ शोषण व अन्याय के विरुद्ध लड़ाई लड़ते हुए समाज के दबे कुचले लोगों के उत्थान में अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। यह बातें अपना दल एस के प्रदेश अध्यक्ष राज कुमार पाल ने एस एल पाल इंटर कॉलेज मैलहा में आयोजित अहिल्याबाई होल्कर जयंती समारोह को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि कही। प्रदेश अध्यक्ष राज कुमार पाल ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने अपने समाज सुधार कार्यों के दौरान देश के पौराणिक स्थलों एवम तीर्थ स्थलों पर मंदिर बनवाने का काम किया जहां लोग आज भी पूजन दर्शन के लिए जाया करते हैं। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का योगदान अविस्मरणीय है। अहिल्याबाई होल्कर जयंती समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे विधान परिषद सदस्य डॉ केपी श्रीवास्तव ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके पद चिन्हों का अनुसरण करने का आह्वान किया। जयंती समारोह को अपना दल एस के राष्ट्रीय सलाहकार राजेंद्र प्रसाद पाल ने संबोधित करते हुए अहिल्याबाई होल्कर के योगदान को बताया। इसी प्रकार अपना दल एस से बारा विधायक डॉ वाचस्पति ने भी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को अपना दल एस के राष्ट्रीय सचिव रामजी सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष बृजेश पटेल सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में एस एल पाल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य लक्ष्मी नारायण पाल ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन रोहिणी प्रसाद पाल ने किया। इस दौरान उपस्थित लोगों में प्रमुख रूप से चिकित्सा मंच के जिलाध्यक्ष डॉ हरिश्चंद्र सिंह पटेल समेत भारी संख्या में अपना दल एस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### कोरांव के एस एल पाल इंटर कॉलेज मैलहा में मनाई गई अहिल्याबाई होल्कर की जयंती




## न्यूज झरोखा

### पंचायत भवन बना पशुशाला जिम्मेदार बेपरवाह



**रत्योंरा।** भले ही उत्तर प्रदेश सरकार ग्राम पंचायतों में पंचायत भवनों का निर्माण कर गांवो को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस करने के काम में जुटी हुई है। वही बेपरवाह एवं भ्रष्टाचार में संलिप्त विभागीय अधिकारियों एवं ग्राम प्रधानों की उदासीनता के चलते गांवो में बने पंचायत भवन पशुशाला में तब्दील होते जा रहे हैं। यही कुछ हालात विकासखंड मांडा के ग्राम पंचायत पचेड़ा में देखने को मिला जहां पंचायत भवन के अंदर भैंस बंधी हुई हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत भवन के मरम्मतीकरण, कंप्यूटर एवं रखरखाव हेतु लाखों रुपए निकाल लिया गया है किंतु आज तक पंचायत भवन की न तो मरम्मत हुई और न ही कंप्यूटर इत्यादि उपकरण रखे गए।जो सरकार की मंशा के साथ खिलवाड़ है। सरकार ने गांव के लोगों को उनके गांव में ही छोटे छोटे कार्यों जैसे आय, जाति, निवास, परिवार रजिस्टर की नकल, मृत्यु एवं जन्म प्रमाण पत्र तथा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन इत्यादि कामों के लिए उन्हें कहीं अन्यत्र भटकना न पड़े इसलिए पंचायत भवनों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस कर गांव में पंचायत सहायक की नियुक्ति भी कर दी गई है। बावजूद इसके बेपरवाह अधिकारियों एवं ग्राम प्रधानों तथा ग्राम विकास अधिकारियों की मिलीभगत से पंचायत भवनों के मरम्मतीकरण एवं अन्य उपकरण खरीद के नाम पर लाखों रुपए गबन कर लिए जा रहे हैं। पचेड़ा में दो लाख अधिक की धनराशि पंचायत भवन के मरम्मतीकरण एवं कंप्यूटर आदि खरीदने के लिए निकाली गई, किंतु आज तक मरम्मतीकरण न होने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने दोषी ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की है।

### बारा क्षेत्र में प्यास से मर रहे गो वंश



**बारा।** बारा छेत्र में पानी की सबसे बड़ी समस्या है पानी के लिए जनता के अलावा गो वंशों कोभी भटकना पड़ता है तपते मौसम के कारण तालाब पोखरे सूख गए हैं पानी का पानी का मात्र एक सहारा कमला पंप कैनाल पांडुवा है जो कि महीनों से बंद पड़ा है इस नहर से सैकड़ों गांवों को सिंचाई के अलावा गो वंशों को पीने के लिए तालाबों में पानी भर दिया जाता इस वर्ष मौसम गर्म होने के कारण तालाबों का पानी जल्दी सूख गया है बारा छेत्र के धरा टिकरी खंडेशर गजा पुर परवेजा बाद छिड़ी आदि गांवों के आस पास पानी की प्यास से मर रहे गो वंश अगर समय रहते समस्या का हल नहीं निकाला गया तो मरने को मजबूर हो जाएंगे गो वंश ।

### विभिन्न मांगों को भाकियू ने एसडीएम हंडिया को सौंपा ज्ञापन



**जंघई।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट प्रयागराज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष लालचंद्र यादव के नेतृत्व में सरायममरेज में आयोजित किसान पंचायत के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बरना नदी की खुदाई एवं विभिन्न मांगों का ज्ञापन एसडीएम हंडिया के माध्यम से दिया गया। पंचायत की अध्यक्षता त्रिलोकीनाथ दुबे ने किया पंचायत में खखैचा, कटेहरी, बाबूपुर बेलो, थानापुर, लोहगजरी, सरजूपट्टी आदि गांव के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।इस अवसर पर फूलचंद्र अध्यक्ष हंडिया, शिवप्रसाद तिवारी, शिवकुमार पांडेय ब्लॉक अध्यक्ष प्रतापपुर, नंदलाल, उमाशंकर यादव, पंकज यादव, यज्ञनारायण बिंद, राजेंद्र प्रसाद, कमलकिशोर, सुनीता पटेल, शंकुतला सरोज, विपत बिंद, लाला यादव, रामकृपाल भारतीय, गुड्डू नकवी, शब्बीर अली, विजय तिवारी, शिवाकांत, वीरेंद्र कुमार सहित सैकड़ों लोग रहे।

## मेडिकल परीक्षण के बाद भी नहीं दर्ज हुआ मुकदमा

**कुण्डा।** मारपीट में दोनों पक्षों से घायलों का मेडिकल कराने के बाद भी महेशगंज पुलिस ने नहीं दर्ज की रिपोर्ट ,दोनों पक्ष से घायल कर रहे हैं रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने की परिक्रमा।थाना क्षेत्र के पुरमई सुल्तानपुर (सराय अम्भा) में बीती 3जून की की रात जमीनी विवाद में दो पक्षों में हुई थी मारपीट दोनों पक्षों ने महेशगंज थाने पहुंच कर दिया था तहरीर । घटना के दूसरे दिन महेशगंज पुलिस ने एक पक्ष से घायल रमाशंकर शुक्ला, छत्रपाल शुक्ला तथा दूसरे पक्ष से घायल दिलीप पटेल, तथा श्याम लाल पटेल का महेशगंज सीएचसी भेज कर करा दिया मेडिकल चिकित्सकों ने दोनों पक्षों को जिला अस्पताल कर दिया था रेफर ।घटना के एक सप्ताह बाद भी दोनों पक्ष रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए लगा रहे हैं महेशगंज थाने का चक्कर नहीं लिखी गई एफआईआर।

## पारिवारिक कलह से तंग आकर अधेड़ ने लगाई फांसी ,मौत

**कुण्डा ।**पारिवारिक कलह से तंग आकर अधेड़ ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी ।मानिकपुर थाना क्षेत्र के भड़चक गांव निवासी सन्त लाल ने पारिवारिक कलह से तंग आकर शनिवार की भोर मे आम की बाग मे जाकर फांसी लगा ली ।जिससे उसकी मृत्यु हो गई ।सुबह होने पर आने जाने वाले लोगों ने देखा तो उनके होश उड़ गए ।घटना की जानकारी होने पर लोगों ने सूचना मानिकपुर पुलिस को दी ।सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# जमुनापार में पेयजल योजनाओं का पुनरजीवीकरण जरूरी : डॉ. पाण्डेय

## उप मुख्यमंत्री से मिलकर मिशन ने लगाई गुहार

अखंड भारत संदेश

**करछना।** यमुनापार में बेलन और टोंस नदी पर कभी 500 गांव के लिए पेयजल उपलब्ध कराने वाली धनावल,देवघाट,कोहडाऱ घाट जैसी पेयजल योजनाओं का पुनरजीवीकरण जरूरी है। जमुनापार के पाठाऔर लापर के ककरीले पथरीले क्षेत्र में बोरिंग सही विकल्प नहीं सिद्ध होगी। बल्कि लाल बहादुर शास्त्री और हेमवती नंदन बहुगुणा के समय जमुनापार में स्थापित की गई पेयजल योजनाओं को जीवंत बनाकर ही पानी की जटिल समस्या का निदान हो सकता है। इस गम्भीर समस्या को लेकर जागृति मिशन के संयोजक डॉ. भगवत पांण्डेय की अगुवाई में मिशन के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को पत्र सौंपते हुए गुहार लगाई। डॉक्टर पाण्डेय ने कहा कि भीषण गर्मी के दिनों में यमुनापार के सुदूर क्षेत्र के कई गांवो में पानी की बराबर किल्लत बनी हुई है।गांव में स्थापित कई पेयजल योजनाएं भी खस्ताहाल हैं और पथरीले क्षेत्रों में बोरिंग भी सफल नहीं हो सकती ऐसी स्थिति में एक मात्र यही विकल्प है कि पूर्व में स्थापित पेयजल योजनाओं की मशीनों और पाइप लाइनों को दुरुस्त कराकर पूर्ववत पानी की सप्लाई की जाए।तभी इस समस्या का निदान संभव है।मिशन द्वारा पेयजल के संदर्भ में उठाई गई आवाज को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी मंत्री ने मिशन को आश्वासन दिया कि इसके लिए अपने स्तर से सार्थक पहल करेंगे। इस मौके पर राजेश शुक्ला, अशोक विश्वकर्मा,अतुल तिवारी सहित मिशन के कई लोग मौजूद रहे।



### बच्चों के विवाद में पड़ोसी को मारा चापड़, गंभीर

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र में बच्चे के खेलने के दौरान हुए विवाद में बड़े भी शामिल हो गए मामला इस कदर बड़ा की एक पड़ोसी ने अपने दूसरे पड़ोसी को चापड़ से मार कर अधमरा कर दिया आनन-फानन में उसे गंभीर अवस्था में एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। उतरांव निवासी साबिर व तेलियरगंज निवासी राशिद कुछ वर्षों से झूंसी कोहना में किराए के मकान में रहकर मेहनत मजदूरी करते हैं शुक्रवार की शाम दोनों के बच्चे बाहर खेल रहे थे उसी दौरान हुए विवाद में सबीर व राशिद का परिवार आमने सामने आ गया और चापड़ छूरा चलने लगा इस दौरान साबिर के सर में चौपड़ लगा और वह खून से लथपथ जमीन पर गिर पड़ा परिजन उसे लेकर एसआरएन अस्पताल पहुचे जहां डॉक्टरों ने साबिर की हालत नाजुक बताई। पुलिस कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लेकर थाने आई और साबिर के रिश्तेदार दानिश की तहरीर पर राशिद उसका लड़का हासिम, नजीम व एक अन्य के खिलाफ संगीन धाराओं में मामला दर्ज किया।

### किशोरी के साथ दुष्कर्म का प्रयास

**करछना।** प्रयागराज थाना क्षेत्र के गांव डीहा उपरहार क्षेत्र की एक किशोरी शुक्रवार को शाम को घर से खेत की ओर शौच के लिए निकली थी गांव के ही धर्मेंद्र कुमार मिश्र व दो अज्ञात लोगों ने उसके साथ अकेला पाकर जबरदस्ती करने का प्रयास किया तथा उसके कपड़े दुपट्टा आदि छीन लिए जोर जबस्ती करने पर युवती ने शोर मचाया तो पास में उसकी बहन दौड़ कर पहुंची और बीच-बचाव करने लगी शोर-शराबा सुनकर गांव के लोग इकट्ठा हो गए और अभियुक्त को मौके पर दौड़ा कर पकड़ लिया जिस पर 112 नंबर डायल कर पुलिस को बुलाकर पकड़े गए धर्मेंद्र को पुलिस के हवाले कर दिया रविवार को पीड़िता की ओर से नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ थाने में तहरीर दी है जिस पर पुलिस लिखा पढ़ी कर जांच पड़ताल में जुटी हुई हैं।

# डिप्टी सीएम के सामने सीएमओ के विरुद्ध लगे मुदार्बाद के नारे

## भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कराने का दिया भरोसा, भाजपा कार्यालय में हुई कार्यकताओं के बीच मारपीट

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक शनिवार को टेउंगा स्थित भाजपा कार्यालय में जैसे ही कार्यकताओं को सम्बोधित करना शुरू किया, वैसे ही भाजपा कार्यकर्ता मुख्य चिकित्साधिकारी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए सीएमओ मुदार्बाद, सीएमओ चोर है के नारे लगाने लगे। कार्यकताओं के नारे से मंच पर बैठे मंत्री के साथ दोनों सांसद संगम लाल गुप्ता व विनोद सोनकर व विधायक जीतलाल, पूर्व विधायक धीरज ओझा, पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह सभी कार्यकताओं को देखते ही रह गये। डिप्टी सीएम भी अपनी बात जल्दी खत्म कर मात्र 15 मिनट में ही यह कहते हुए बाहर निकल गये कि सीएमओ के विरुद्ध लगे आरोपों की जांच कराई जाएगी। अनुशासित कही जाने वाली पार्टी भाजपा में आज भाजपा कार्यालय पर अनुशासन तार-तार होता दिखाई दिया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने जनसभा को सम्बोधित करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने गांवों, गरीब, किसान, महिलाओं, युवाओं तथा समाज के सभी वर्गो के जीवनस्तर को उठाने के लिये योजना का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर किया है। इसके बाद डिप्टी सीएम ने भाजपा कार्यालय में वृक्षारोपण किया।

जब मंत्री जी कार्यकताओं को सम्बोधित कर रहे थे और कार्यकर्ता नारे लगा रहे थे, उसी समय नीचे कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर के पीआरओ से एक भाजपा कार्यकर्ता से हुई धक्का मुक्की के बाद गाली-गलौज व मारपीट की नौबत आ गई। इसको देख जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र ने बीच-बचाव किया और मामला किसी तरह शांत कराया। इसके पहले जब डिप्टी सीएम भाजपा कार्यालय पहुंचे थे, तभी सांसद संगम लाल इस बात से भड़क गये थे कि विधायक और भाजपा जिलाध्यक्ष के लिये वहां कुर्सी ही नहीं थी। लोग कुर्सी पर बैठकर कब्जा कर लिये थे। सांसद द्वारा यह मामला उठाये जाने पर दोनों के लिये कुर्सी की व्यवस्था हुई, तब जाकर मामला शांत हुआ। भाजपा कार्यालय में आज अनुशासन तार-तार होता दिखाई दिया।



भाजपा कार्यालय पर आयोजित बैठक में बोलते डिप्टी सीएम बृजेश पाठक।

## राष्ट्रीय परशुराम सेना डिप्टी सीएम को सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय परशुराम सेना का एक प्रतिनिधि मंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शुक्ल की अगुवाई में प्रतापगढ़ दौरे पर आये उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक जी से मिलकर भगवान श्री परशुराम जी की प्रतिमा भेंट कर अंगवस्त्रम एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। इन दौरान तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। उक्त अवसर पर पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के जिला अध्यक्ष विंदेश्वरी पाठक बिंदू, एडवोकेट शिवशेवक पांडेय,एडवोकेट/जिला महामंत्री राष्ट्रीय परशुराम सेना अरुण उपाध्याय, एडवोकेट/जिला मीडिया प्रभारी राष्ट्रीय परशुराम सेना अनुराग त्रिपाठी, एडवोकेट/जिला उपाध्यक्ष ज्ञानचन्द्र दुबे उपस्थित रहे।

## तदर्थ शिक्षकों को लेकर सरकार गंभीर: डिप्टी सीएम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के नगर आगमन के दौरान तदर्थ शिक्षकों ने सम्मान समारोह का आयोजन किया जिसमें डिप्टी सीएम बृजेश पाठक का जोरदार स्वागत किया गया। शहर के लीला पैलेस में आयोजित इस सम्मान समारोह में प्रतापगढ़ जनपद के ही नहीं बल्कि अन्य कई जनपदों के तदर्थ शिक्षक शामिल रहे। तदर्थ शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार आपको लेकर गम्भीर है। मुख्यमंत्री जी स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे हैं। जल्द ही तदर्थ शिक्षकों की लम्बी सेवाओं को देखते कुछ अच्छा हो सकता है। इस दौरान सांसद संगम लाल गुप्ता, सांसद कौशाम्बी विनोद सोनकर, शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी, सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य, जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्रा,भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी सहित कई दिग्गज भाजपा नेता भी मौजूद रहे। बड़ी संख्या में तदर्थ शिक्षको द्वारा माल्यार्पण कर अंगवस्त्र प्रदान किया एवं प्रतीक चिह्न भी भेट किया गया।



डिप्टी सीएम का स्वागत करते तदर्थ शिक्षकगण।

## सरकारी योजनाओं एवं कानून व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज विकास भवन सभागार में सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की प्रगति एवं कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उपमुख्यमंत्री ने पेयजल योजना, विद्युत आपूर्ति, सड़कों एवं पुल के निर्माण एवं मरम्मत, सड़क सुरक्षा, विद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण, स्कूल चलो अभियान, अस्पतालों में डाक्टर एवं दवाओं की उपलब्धता सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। हर घर नल की समीक्षा के दौरान अधिशाषी अभियन्ता जल निगम द्वारा बताया गया कि जनपद में पूर्व में 108 पानी की टंकी निर्मित है जिससे ग्राम पंचायतों में जलापूर्ति की जा रही है, 70 नई परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। उपमुख्यमंत्री ने ग्राम गोपालापुर विकास खण्ड सदर के ग्राम प्रधान से सीधे दूरभाष पर जलापूर्ति के सम्बन्ध में वार्ता की, उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जनपद के सभी ग्राम पंचायतों में हर घर नल योजना के आच्छादन की कार्ययोजना बना ली जाये।

# जिलाधिकारी ने भू-गर्भ जल प्रबन्धन समिति के साथ की बैठक, अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने भू-गर्भ जल प्रबन्धन समिति के अधिकारियों/सदस्यों के साथ कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया द्वारा अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश भू-गर्भ जल प्रबन्धन और विनियमन अधिनियम का उद्देश्य उत्तर प्रदेश में भू-जल संसाधनों की सुरक्षा, संरक्षण, प्रबन्धन एवं नियमन किया जाना है।

इसके अन्तर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर, क्षेत्र पंचायत स्तर तथा नगर पंचायत स्तर पर जल प्रबन्धन समितियों का गठन किया जाना है। उन्होने बैठक में उपस्थित सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि भू-जल प्रबन्धन समिति का तत्काल गठन कर प्रतिमाह इसकी बैठक की जाये जिसके माध्यम से भू-गर्भ जल के दोहन एवं जल संरक्षण के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक भी किया जाये। हाइड्रोलाजिस्ट/नोडल अधिकारी रविशंकर पटेल द्वारा अवगत कराया गया कि अधिनियम के अनुसार घरेलू भूजल उपभोक्ताओं एवं कृषि भूजल उपभोक्ताओं को भू-जल प्रबन्धन समिति में निःशुल्क पंजीकरण कराया जाना है किन्तु व्यवसायिक, औद्योगिक, इन्स्फ्राट्रक्चर एवं बल्क भूजल उपभोक्ताओं को भूजल निकास हेतु जनपद स्तरीय समिति से अनापत्ति प्राप्त करना है तथा पंजीकरण कराया जाना है। अधिनियम में निदेर्शों का उल्लंघन किये जाने पर अर्थदण्ड तथा कारावास का भी प्राविधान किया गया है। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि भू-जल दोहन के साथ-साथ जल संरक्षण हेतु रेन वाटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा दिया जाना आवश्यक है। इस समय किसी भी बिल्डिंग के निर्माण में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था अनिवार्य की गयी है। उन्होने बल्क भू-दोहन करने वाले आर0ओ0 प्लान्ट को अधिनियम के अनुसार पंजीकरण कराने और आर0डब्लू0एच0 प्लान्ट लगाने हेतु नोडल अधिकारी रविशंकर को जागरूक करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन एवं वन्य जीव प्रभाग वरूण सिंह, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## मजिस्ट्रीरियल जांच हेतु तहसीलदार सदर नामित

**प्रतापगढ़।** उपजिला मजिस्टेज्ट सदर सौम्य मिश्र ने बताया है कि 29 मई को ग्राम बहेलियापुर अन्तू तहसील सदर में क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा चकमार्ग की पैमाइश के दौरान उभयपक्षों में हुई मारपीट की घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी, जिसमें आरोपियों के साथ ही क्षेत्रीय लेखपाल शेषमणि पटेल के विरूद्ध थाना अन्तू में एफ0आई0आर0 दर्ज करायी गयी है। उन्होने बताया है कि सम्पूर्ण प्रकरण की मजिस्ट्रीरियल जांच हेतु तहसीलदार सदर अरविन्द कुमार को जांच अधिकारी नामित करते हुये निर्देशित किया गया है कि सम्पूर्ण प्रकरण की सुस्पष्ट जांच कर सुसंगत साक्ष्यों सहित आख्या सात दिवस के भीतर उपलब्ध करायें।

# दलित की पिटाई पर पांच आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास व तोडफोड का मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ घात लगाकर जानलेवा हमले को लेकर हत्या के प्रयास तथा दलित उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। कोतवाली के पूरे अनिरूद्ध निवासी लालजी सरोज पुत्र रामअंजोर ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती सात जून को उसका पुत्र सर्वेश सरोज तथा भतीजा प्रदीप भटनी से बाइक से घर आ रहा था।

लकुरी में स्थित एक टेण्ट हाउस के समीप पहले से घात लगाये आरोपियो ने बेटे तथा भतीजे पर जानलेवा हमला बोल दिया। आरोपी ननकू दुबे का पुरवा लकुरी निवासी कुलदीप दुबे व संदीप दुबे पुत्रगण राजेन्द्र प्रसाद तथा गोलू पुत्र रज्जन तथा विरसिंहपुर के हिमांशु व दिव्यांशु पुत्रगण रामविजय ने लाठी डंडे तथा कुल्हाडी से पीडित के पुत्र व भतीजे पर हमलावर हो उठे। हमले मे पीडित के बेटे सर्वेश का सिर फट गया और वह मरणासन्न हो उठा। आरोपी चुटहिलों के शोर मचाने पर जातिसूचक गालियां देते हुए जानलेवा धमकी देने लगे। राहगीरों को इकटठा होता देख आरोपी पीडित युवकों की बाइक मे तोडफोड करते हुए वहां से चले गये। पीडित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी। कार्रवाई न होने पर लालजी ने सीओ रामसूरत सोनकर से मिलकर आपबीती सुनाई। सीओ की फटकार पर पुलिस ने शुक्रवार की रात आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## समाधान दिवस में सत्रह शिकायतों मे पांच का हुआ निस्तारण

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** थाना समाधान दिवस में सत्रह शिकायतों मे से पांच का अफसरो ने निस्तारण किया। शनिवार को लालगंज कोतवाली मे हुए समाधान दिवस में एसडीएम अरूण सिंह व तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने समस्याओं की सुनवाई की। जमीनी विवाद के पांच मामलों को सुनवाई कर तहसीलदार ने निस्तारित कराया। समाधान दिवस का संयोजन प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने किया। इधर एसडीएम ने सांगीपुर थाने मे भी पहुंचकर समाधान दिवस मे आयी शिकायतों की सुनवाई की। एसडीएम ने लालगंज तथा सांगीपुर व उदयपुर एवं जेठवारा में समाधान दिवस मे आयी सभी शिकायतों के सप्ताह भर में निस्तारण कराए जाने व उसकी समीक्षा के भी तहसीलदार को निर्देश दिये हैं।

## पेड़ से लटका मिला अधेड़ का शवा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बाग में पेड़ से एक अधेड़ का शव लटकता पाया गया। इससे इलाके में हड़कंप मच गया। बता दें कि एक दिन पहले ही संतलाल गौतम गांव आया था। परिजन उसकी हत्या की आशंका जता रहे हैं। सूत्रों के अनुसर हत्या के पीछे बेटे द्वारा लड़की को भगा कर शादी करने का तर्क दिया जा हा हैं पुलिस मामले की छानबीन कर रही ह। घटना मानिकपुर थाना क्षेत्र के भड़चक गांव की है।



नवागत मुख्य प्रबंधक का स्वागत करते अतिथिगण।

## निगम के कार्यालय में बीमा व्यवसाय के विकास पर हुई संगोष्ठी

### नवागत मुख्य प्रबंधक दीपक चावला का हुआ जोरदार स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारतीय जीवन बीमा निगम की यूनिट 31102 के विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य द्वारा निगम के कार्यालय में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें निगम के कार्यों के विकास पर जोर दिया गया। पटियाला पंजाब से आए नवागत मुख्य प्रबंधक दीपक चावला का माला पहनाकर एवं अंगवस्त्रम ओढ़ाकर जोरदार स्वागत भी किया गया।

इस अवसर पर निवर्तमान प्रबंधक के.एन. रावत भी उपस्थित रहे। सृजना साहित्यिक संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डॉ० दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि निगम के कार्यों के विकास से देश का विकास होता है। उन्होंने अधिक से अधिक बीमा व्यवसाय बढ़ाने की सलाह दी। अम्मा साहब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनंद मोहन ओझा ने प्रतापगढ़ शाखा की प्रशंसा की। कहा कि यहां के मुख्य प्रबंधक तथा विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य ने अथक परिश्रम करके देश में प्रमुख स्थान प्राप्त किया है। नवागत मुख्य प्रबंधक दीपक चावला ने निगम की नई योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। इस अवसर पर सहायक प्रबंधक सुशील कुमार त्रिपाठी एवं आनन्द पाण्डेय व गौरव सिंह भी मौजूद रहे। बड़ी संख्या में अभिकर्ता और ग्राहकों की भी उपस्थिति रही।

## प्रमोद तिवारी के सांसद निर्वाचित होने पर जश्न में डूबा रामपुर खास

### एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर मनाई खुशियां

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी के राज्यसभा सदस्य पद पर निर्वाचन को लेकर दूसरे दिन शनिवार को व्यापारियों तथा अधिवक्ताओं व जगह जगह कार्यकताओं व समर्थकों को खुशियों मे मगन देखा गया। वहीं सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी की जीत पर क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कार्यकताओं तथा जनता के मिले अपूर्व उत्साह एवं समर्थन के प्रति आभार भी जताया है।

लालगंज तहसील गेट पर वकीलों तथा व्यापारियों एवं कार्यकताओं ने एकत्रित होकर प्रमोद तिवारी के सांसद निर्वाचित होने पर खुशी जताई। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी की अगुवाई में यहां एक दूसरे का मुंह मीठा कराते हुए इसे क्षेत्र के लिए शानदार उपलब्धि करार दिया गया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, विकास मिश्र, कालिका प्रसाद पाण्डेय, मिथलेश त्रिपाठी, संजय सिंह, दीपेन्द्र तिवारी, छोटे लाल सरोज, सभासद रमेश जायसवाल, बनारसी पटेल, राजेश दुबे, राकेश पाण्डेय आदि रहे। वहीं कैम्प कार्यालय पर भी प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, केडी मिश्र, आशीष उपाध्याय, पप्पू तिवारी, मुन्ना शुक्ला, सोनू शुक्ला, श्रीकांत मिश्र, मुरलीधर तिवारी, लवकेश मिश्र, शैलेन्द्र मिश्र, सिंटू मिश्र, शास्त्री सौरभ त्रिपाठी आदि भी कार्यालय पहुंचे लोगों का मुंह मीठा कराकर जीत की खुशी साझा करते दिखे। सांगीपुर में भी व्यापारियों ने प्रमोद तिवारी की जीत पर जश्न मनाया। यहां ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, गुडडू सिंह, सुधाकर पाण्डेय, रामबोध शुक्ल, पवन शुक्ल, हगपाल यादव, त्रिभु तिवारी, ओम पाण्डेय, अंशुमान तिवारी आदि ने जीत की खुशी में लड्डू बांटते दिखे। रामपुर बावली में डा. चन्द्रेश सिंह, रमाशंकर शुक्ल, भुवनेश्वर शुक्ल, रवीन्द्र मिश्र, महन्थ द्विवेदी, सुनील त्रिपाठी, रज्जन उपाध्याय, लालजी यादव, डा. नन्हेंलाल यादव आदि ने कार्यकताओं व समर्थकों के साथ जीत का जश्न मनाया।



लालगंज तहसील गेट पर प्रमोद तिवारी की जीत पर जश्न मनाते समर्थक

# जिले में नर्सिंग और एएनएम की पढ़ाई हुई आसान: डा0 ममता

## चारू नर्सिंग कलेज ऑफ एजुकेशन का हुआ भव्य उद्घाटन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले में आज कटरा स्थित चारू नर्सिंग कालेज आफ एजुकेशन का भव्य उद्घाटन जिले के मशहूर महिला चिकित्सक डॉक्टर ममता श्रीवास्तव ने किया। उद्घाटन करने वालों में ममता श्रीवास्तव के साथ रचना सक्सेना, पूनम श्रीवास्तव डॉक्टर घनश्याम अग्रवाल, डॉक्टर ए के कुलश्रेष्ठ और अरविंद श्रीवास्तव रहे।

उद्घाटन के बाद लोगों को संबोधित करते हुए कालेज के प्रबंधक व चिकित्सक डॉक्टर अतुल श्रीवास्तव ने कहा की जनपद के बेटियों को नर्सिंग और एएनएम की पढ़ाई के लिए दूरदराज भटकना पढ़ता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी जी की महिला सशक्तिकरण के दिशा में किए गए कार्य से प्रभावित होकर मेरी पत्नी पेशे से चिकित्सक डॉक्टर ममता श्रीवास्तव ने नर्सिंग कालेज खोलने का फैसला किया जो आज पूरी तरह सफल हुआ। इस अवसर पर साकेत गर्ल्स कालेज के प्रबंधक डॉक्टर अरविंद श्रीवास्तव ने कहा की यह कालेज जनपद के बालिकाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। डॉक्टर ए के कुलश्रेष्ठ ने बालिकाओं के लिए नर्सिंग कालेज खोलने पर जमकर प्रशंसा किया। वरिष्ठ व्यवसाई संजीव आहूजा ने कहा की इस विद्यालय से जनपद के बालिकाओं के साथ विकास को एक नई गति मिलेगी।



नर्सिंग कालेज का फीता काटकर उद्घाटन करतीं डा0 ममता।

रत्न जैन और शरद केशरवानी ने कहा की विद्यालय को ऊंचाई तक पहुंचाने में वह डॉक्टर अतुल के साथ हमेशा सहयोग में खड़े है। मालती इंटर कालेज के प्रबंधक गोकुल नाथ श्रीवास्तव ने भी इसे सराहनीय कदम बताया। पीबीपीजी कालेज के प्राचार्य डॉक्टर बृजभान सिंह ने भी जनपद के लिए इस कालेज को वरदान बताया। डॉक्टर पीयुष्कांत शर्मा ने भी किसी चिकित्सक द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए प्रयास को अनूठा प्रयास बताया। वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर घनश्याम अग्रवाल ने भी इस सार्थक प्रयास की प्रशंसा की।

मुख्य अतिथि के रूप में रचना सक्सेना ने कहा की वह एक चिकित्सक की पत्नी है । चिकित्सा के क्षेत्र में नर्सिंग शिक्षा का किया महत्व और कितना जरूरी है वह भली भांति जानती है। योग्य चिकित्सक के साथ योग्य नर्स और एएनएम भी होना जरूरी है। विशिष्ट अतिथि के रूप में जीआईसी की प्रिंसिपल पूनम श्रीवास्तव ने कहा की यहां से पढ़ कर निकलने वाली छात्राएं जिले में ही नहीं पूरे देश में स्वास्थ्य सेवा में अपनी पहचान बनाएंगी।

हमारे इस कालेज और जनपद के लिए गर्व रहेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश मिश्रा, शिवशंकर सिंह ,भाजपा के महामंत्री आशीष श्रीवास्तव, वरिष्ठ नेता भाजपा गिरधारी सिंह, भाजपा नेता छोटे सरकार, धर्मेंद्र सिंह, अशोक श्रीवास्तव, डॉक्टर क्षितिज श्रीवास्तव, विनीत मिश्र वरिष्ठ पत्रकार शैलेंद्र मिश्र, संतोष भगवन, संतोष पाण्डेय, अजय पांडेय आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अमितेंद्र श्रीवास्तव ने किया।

## चचेरे भाई ने किया किशोरी के साथ दुष्कर्म, गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** निमंत्रण से लौट रहे किशोरी के साथ दुष्कर्म को लेकर पुलिस ने आरोपी चचेरे भाई के खिलाफ शुक्रवार की रात केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को शनिवार की सुबह दबोच लिया। कोतवाली के एक गांव की पीडिता ने दी गई तहरीर मे कहा है कि उसकी किशोरी बेटी बीती छः जून को कोतवाली क्षेत्र के बेलहा गांव में फूफा के यहां निमंत्रण मे गयी थी। रात वह अपने चचेरे भाई के साथ बाइक से वापस लौट रही थी। आरोप है कि आरोपी चचेरे भाई ने लालगंज फायर ब्रिग्रेड के पास सूनसान जगह पर किशोरी को दहशत मे लेकर उसे निर्वस्त्र कर दुष्कर्म की वारदात घटित की। घर पहुंचने पर किशोरी की तबीयत खराब हो गयी। परिजनों ने उसका इलाज कराया। इस बीच किशोरी ने रोते हुए मां को आपबीती सुनाई। किशोरी की मां ने जब आरोपी से उलाहना दिया तो उसने गाली देते हुए शिकायत करने पर जानलेवा धमकी दी। पीडिता ने बेटी के साथ वारदात को लेकर शुक्रवार को कोतवाली पहुंचकर तहरीर सौपी । पुलिस ने आरोपी अठैसा सलेम भदारी निवासी जगेसर के पुत्र दिनेश यादव के खिलाफ दुष्कर्म तथा गालीगलौज व धमकी का केस दर्ज किया। किशोरी को महिला पुलिस की अभिरक्षा में मेडिकल के लिए भेजवाया गया। इधर मुकदमा दर्ज होते ही प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने शनिवार को आरोपी दिनेश को धर दबोचा।

## संपादकीय

# बहसों पर जिहाद

**बहसों** पर जिहाद और देश में फसाद से लोग परेशान हैं। एक टीवी डिबेट में भगवान शंकर के लिए किए गए अमर्यादित शब्दों से उकसावे में आकर पैगंबर पर की गई टिप्पणी के बाद विवाद और कट्टर मुस्लिम समाज की 'सर तन से जुदा' धमकियों में घिरीं नुपूर शर्मा और नवीन जिंदल को भाजपा ने छह वर्ष के लिए निलंबित कर दिया है। जिहाद और फसाद से परेशान लोगों ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म में इसके लिए भाजपा नेतृत्व की तीखी आलोचना की है। इन लोगों का मानना है कि फिरकापरस्तों को खुश करने के लिए यह नहीं होना चाहिए था। हालांकि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। इससे पहले भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पर की गई टिप्पणी के लिए उनके संसद में बोलने पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है। लोगों का कहना है अगर हिंदुओं की चिंता करने वालों को प्रताड़ित किया जाता है तो शाहीन बाग और किसान आंदोलन के बहाने दिल्ली को बंधक बनाने वालों को क्यों नहीं सजा दी जाती। ऐसे लोगों के आजाद रहने से ही अभी तक नुपूर और नवीन को कट्टरपंथी ताकतें धमका रही हैं। नुपूर को तो दुष्कर्म और हत्या की धमकी दी जा रही है। कुछ संगठनों ने तो उनका सिर कलम करने के लिए करोड़ तक का इनाम भी घोषित कर दिया है। शांतिप्रिय लोगों को गुस्सा इस बात पर है कि केंद्र सरकार और भाजपा अपनी पूर्व प्रवक्ता को कवच तक नहीं प्रदान कर रही। 'सर तन से जुदा' का नारा देने वालों के इरादे कितने खतरनाक थे इसका पता तब चला जब प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति उत्तर प्रदेश में थे। लखनऊ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उत्तर प्रदेश की अच्छी कानून व्यवस्था का हवाला दे रहे थे। ठीक उसी समय कुछ मुस्लिम अराजकतत्व नुपूर के बयान की आड़ लेकर कानपुर को 'पाकिस्तान' बनाने पर आमादा थे। जिस समय चैनलों पर ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी और राष्ट्रपति की कानपुर यात्रा का प्रसारण होना था, ऐन उसी वक्त कानपुर की हिंसा चैनलों पर छा गई । कानपुर हिंसा के बाद समाजवादी पार्टी और विपक्ष ने हिंसा के लिए भाजपा प्रवक्ताओं की टिप्पणियों को ही जिम्मेदार ठहराया। मगर कानपुर को दंगों की आग में झोंकने वालों के खिलाफ मुंह पर टेप चिपका लिया। यही नहीं सपा के कुछ नेताओं ने कानपुर हिंसा के लिए पीएफआई और मुस्लिम समाज को क्लीनचिट तक दे डाली। सउदी अरब, कुवैत, पाकिस्तान और बहरीन तक इन टिप्पणियों की लपटें उठीं। नूपुर और नवीन को गिरफ्तार करने की मांग की जाने लगी। पाकिस्तान और अरब देशों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ ट्वीट किए गए। भाजपा समर्थक इससे आहत हैं। सरकार और भाजपा की खामोशी उनके समझ से परे है। इनका कहना है कि नुपूर और नवीन के खिलाफ एकतरफा कार्रवाई की गई है। इससे ज्ञानवापी परिसर में मिले प्राचीन विश्वेश्वर शिवलिंग को फव्वारा बताकर अपमान करने वालों के हौसले बलुंद हैं। कांग्रेस सहित तमाम वामपंथी विचारक और छुटभैये हिंदुओं की आस्था पर प्रहार कर रहे हैं। मगर कुछ लोग हैं जो इसकी रक्षा कर रहे हैं। एक टीवी चैनल में एक मुस्लिम स्कॉलर ने भगवान शिव और शिवलिंग का अभद्र तरीके अपमान किया तो एंकर सुशांत सिन्हा ने उसे बहस से निकाल दिया। टीवी चैनलों पर मुस्लिम और वामपंथी विचारकों की भाषा और शब्दावली से शांत समाज के धैर्य का बांधा टूट सकता है। दिक्कत यह है कि कश्मीर के अलगाववादी आतंकी नेता यासिन मलिक को दस मामलों में उम्रकैद की सजा सुनाई गई तो गुपकार गठबंधन ने आलोचना की। इस पर किसी का ध्यान नहीं गया। ऐसे आलोचकों को कड़ा जवाब दिया जाना चाहिए था। हिंदू समाज की चेतना पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है।

## देर से आए, दुरुस्त नहीं आए

**रमेश सिंह**

भारत में अगले आम चुनाव 2024 में होने हैं, और उसके पहले हिंदुत्ववादी ताकतें शायद अपना वजन परख रही हैं कि चुनाव आते-आते वोटों के ध्रुवीकरण के लिए उन्हें कितना जोर दिखाना है या कितना शांत रहना है। यह महज संयोग नहीं हो सकता कि उत्तरप्रदेश चुनाव जीतते ही एकदम से ज्ञानवापी का मसला सुर्खियों में आया और देखते-देखते बड़े विवाद का कारण बन गया। मस्जिद के भीतर शिवलिंग और फव्वारे पर देशव्यापी बहस छिड़ गई। यूक्रेन युद्ध पर टीवी चैनलों की बहसों और शीर्षकों से मीडिया की समझ और गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे थे, तो सरकार ने विवादित शीर्षकों से बचने की नसीहत चैनलों को दी थी। लेकिन यह नसीहत शायद हिंदू-मुस्लिम विवाद खड़े करने वाले विषयों पर लागू नहीं होती। लिहाजा टीवी चैनलों में धड़ल्ले से सांप्रदायिक नफरत से भरी बहसें और चचाएं प्रसारित होती रहीं। ऐसी ही एक चर्चा में भाजपा की प्रवक्ता रहीं नुपूर शर्मा ने एक ऐसी बात कह दी, जिसने देश को वाकई नफरत की आग में झोंक दिया। या यूं भी कह सकते हैं कि जो शोले पिछले आठ सालों से धीमे-धीमे भड़काए जा रहे थे और जरूरत के मुताबिक उनकी आंच तेज या धीमी की जाती रही, उसे नुपूर शर्मा ने एक बार में तेजी से भड़का दिया। अगर यह वक्त चुनावों का होता तो शायद भाजपा को इस आग में राजनीतिक रोटी सेंकने मिल जाती। मगर अब इस आग की तपिश भाजपा को ही झुलसा रही है। देश के साथ-साथ विदेशों में भी भारत की हिंदुत्ववादी शक्तियों के खिलाफ नाराजगी जताई जा रही है और अब नाराजगी विदेशों में रह रहे भारतीयों, उनकी रोजी-रोटी और भारत के आर्थिक हितों तक पहुंच गई है। भारत से नाराजगी जताने वाले देश दुनिया की महाशक्तियां नहीं हैं, उनमें से बहुतों को धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र जैसे मूल्यों पर आस्था भी नहीं है। लेकिन भारत में पिछले 70 सालों तक इन मूल्यों को सरकारों ने बढ़ाने और बचाने का काम किया। सरकार चाहे कांग्रेसी रही हो या गैरकांग्रेसी, संविधान में दर्ज मूल्यों को मिटाने की कोशिश नहीं हुई और इसी खासियत की वजह से तेल और दूसरे प्राकृतिक संसाधनों से संपन्न ये देश भारत का एहतराम करते रहे। मगर अब ये बात भी मुमकिन हो गई है कि इन देशों ने भारत की आलोचना की और भारत के पास उन्हें जवाब देने के लिए कोई सही तर्क नहीं है।

# मतदाता होते है लोकतंत्र की मजबूत कड़ी

**श्याम कुमार कोलारे**

**इतिहास** के पन्ने पलटने में दबा एक ऐसी घटना से सीख लेने की आवश्यकता है जिसने वास्तव में किसी देश का राजा यानि मुखिया कैसा होना चाहिए? जनता के प्रति क्या सोच एवं व्यवहार होना चाहिए की सोच को बारीकी से बताया गया है । किसी भी देश प्रान्त या एक छोटे से गाँव का मुखिया ही क्यों न हो उसे जनता के प्रति समान भाव से समर्पित एवं पालनकर्ता के रूप में होना चाहिए, जनता भी अपने नेता, अपने मुखिया से इसी आश में सेवारत रहती है । किवदंती अनुसार चाणक्य के बारे में कहा जाता है कि नंद वंश के राजा महानंद से नाराज चाणक्य ऐसे शख्स की खोज में थे जो नंद राजा का नाश कर सके। पाटलीपुत्र की गलियों में उन्हें एक सात-आठ साल का बालक खेलता मिला। नाम था चंद्रगुप्त। एक बड़ी सिंहासननुमा कुर्सी पर वह राजा की तरह बैठा था और अपने उम्र के बच्चों के साथ भ्रष्ट व अन्यायपूर्ण आचरणों के बारे में ऊंची आवाज में नसीहतें दे रहा था। इस बच्चे के चेहरे पर तेज और आवाज में बुद्धिमता,तर्कपूर्ण बाते व ईमानदारी देखकर चाणक्य को समझते देर नहीं लगी कि नेतृत्व के गुणों से संपन्न यही बालक वह राजा है जिसे वह खोज रहे हैं। वह उसे अपने साथ अपने आश्रम तक्षशिला ले आए और सात-आठ साल के कठिन प्रशिक्षण के बाद वह बालक मौर्य वंश का शासक चंद्रगुप्त मौर्य बना। ढाई हजार साल पहले चाणक्य के जमाने में लोकतंत्र नहीं था। लाजिमी था कि वह ऐसा शख्स चुनें जिसमें नेतृत्व के जन्मजात गुण हों और जिसे प्रशिक्षण देकर राजा के कर्तव्यों के लिए तैयार किया जा सके।

**मतदाताओं के हाथों में होता है लोकतंत्र:** आज हमारे देश में लोकतंत्र है; हम अपना शासक एवं चुनते है । इस लिहाज से आज वोट डालने वाला हर नागरिक चाणक्य है। दूसरे शब्दों में, लोकतंत्र में नागरिकों के कंधों पर यह जिम्मेदारी है कि वे चाणक्य की तरह योग्य और होनहार व्यक्ति को सरकार की जिम्मेदारी संभालने के लिए चुनें। आज देश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का आगाज हो गया है । हर गाँव शहर में ग्रामीण स्तर से लगाकर जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत के मुखिया को चुनने का समीकरण बना रहें है । हर वोटर चाहता है कि हमारा चुना हुआ नेता हमारे घर के मुखिया के सामान हो जो परिवार रूपी आम जनता का सही पोषण कर सके; सभी की तरक्की के समान अवशर की खोज कर सके । गाँव का नेता या मुखिया जिसे सरपंच गाँव का बड़ा जिम्मेदार एवं सरकार द्वारा प्रदत शक्तियों से पूर्ण होता है । गाँव को उन्नती के शिखर तक पहुँचाने में सरपंच की एक बड़ी भूमिका होती है । सरपंच के हाथों में गाँव का चहुमुखी विकास करने के सभी साधन दिए जाते है; और आशा की जाती है कि गाँव का व्यक्ति यदि गाँव के विकास में मुखिया के रूप में सामने आयेगा तो ग्राम का वास्तविक विकास की परिकल्पना की जा सकती है ।



**सरपंच के कन्धों में होता है चहुमुखी विकास का भार:** सरपंच को एक सम्मानीय एवं जिम्मेदारी का पद की भांति समझा जाता है, निःसंदेह यह होना भी चाहिए क्योकि सरपंच के कन्धों पर गाँव विकास एवं उसकी उन्नति की तस्वीर देखी जाती है; सरकार सरपंच के हाथ में एक गाँव के मुखिया होने के नाते गाँव के विकास के लिए सरकारी शक्ति रुपी जादू की छड़ी दे देती है जिसकी मदद से वह अपने गाँव का चहुमुखी विकास कर सके । यह जिम्मेदारी में ग्राम के पंच की भी उतनी ही भूमिका होती है जितनी सरपंच की । पंच ग्राम सभा के जिम्मेदार व्यक्ति होते है जो हर विकासात्मक कार्यों की समीक्षा एवं अपनी राय प्रदान करते है । ग्राम विकास में ग्रामीण हर वार्ड से अपने नेता के रूप में वार्ड सदस्यों का चुनाव करते है । इनको अपने नेता के रूप में चुनने का सीधा आशा होती है कि ग्राम सभा में वार्ड सदस्य वार्ड की हर छोटी से बड़ी समस्या को लेकर जाए एवं प्राथमिकता के आधार पर तुरंत निपटान करवा सके । जनता के द्वारा चुने गए नेता को जनता के विषय में उनकी भलाई के बारे तात्पर्यंर्ता से काम करना चाहिए ऐसा नेता लम्बे समय तक जनता के बीच अपना अस्तित्व बनाये रखता है; और जो केवल अपना स्वार्थ देखता है भले ही वह कुछ समय के लिए ऊपर आ जाए लेकिन उसे अर्स से फर्स तक आने में देर नहीं लगती ।

**मुखिया चुनने से पहले जरूर सोचे:** किसी भी व्यक्ति को मुखिया के रूप में चुनने से पहले हमें जरूर सोचना चाहिए कि हम जो नेता चुन रहे है क्या यह हमारा, आम जनता का हितौसी है , वह सभी को एक रूपता से विकासात्मक लाभ दिलाने में सक्षम है ? वोट देने से पहले हमें एक बार गंभीरता से सोचने की आवश्यकता है कि क्या हमारे द्वारा चुने जाने वाले व्यक्ति में जो गुण एक मुखिया होने के होना चाहिए क्या वह गुण है या हमने एक ऐसे व्यक्ति को मुखिया चुन लिया जो स्वयं किसी काम का । निर्णय न करके चापलूसों और स्वार्थियों का कठपुलती है । यदि वह विवेक हीन है तो आपके विकास के बारे में क्या सोचेगा, ऐसा मुखिया अपने साथ-साथ आम जनता के विकास में भी बाधक होगा । वोट देने से पहले एक बार अवश्य सोचे कि आपका नेता में ये गुण है जो एक सही नेतृत्वकर्ता के पास होना चाहिए झ वह शिक्षित है, क्योकि शिक्षित व्यक्ति अपनी शिक्षा रुपी शक्ति से तार्किक, बौद्धिक, निर्णयात्मक, एवं विवेक पूर्ण निर्णय लेने में आपने आपको ओरो से बेहतर सिद्ध करेगा । वह किसी भी पेचीदा मुद्दा को अपने तर्क और विवेक से समाधानात्मक नतीजे तक पहुँच सकता है । वह मानसिक और शारीरिक रूप में इस बड़ी जिम्मेदारी को लेने के लिए परिपक्य है ? ग्राम पंचायत के बजट को आम जनता के बीच रखकर आम जनता के हित में कार्य करवाएगा । ग्राम पंचायत के युवाओं को रोजगार दिलवाने की मजबूत पेरवी करने ने सक्षम है; क्या सरकार द्वारा विकास कार्यों के लिए दिये जाने वाले बजट को सही एवं उपयोगिता के आधार पर पात्र हितग्राहियों तक पहुँचाने में सक्षम है आदि बातो का ध्यान देने की आवश्यता है। अपने वोट को बेचने से बचे चुनाव में जीत हासिल करने के लिए उम्मीदवार लोगो के वोट को खरीदने से पीछे नहीं हटते । उनका मानना है कि एक बार पांच सौ- हजार दे दिए और जीत हासिल कर लिए इसके बाद तो मौज ही मौज । आम जनता को लगता है कि घर बैठे लक्ष्मी आ रही है तो मना नहीं करना चाहिए । इस बात का फायदा उठाकर लोग उनकी वोट खरीद लेते है और सत्ता पर आसीन हो जाते है इसके बाद उनका काम आपके लिए वह उदासीन हो जाता है आपके काम उसकी मर्जी पर चलेगा; आप उसको काम करने के लिए कह से नहीं बोल पाएंगे क्योकि आपने उसके वोट नहीं दिया वो वोट तो उसने खरीदा है, इस प्रकार अपने आप को अपने वोट को बिकने से बचाए । सही एवं योग्य व्यक्ति को ही चुने वो भी बीमा किसी प्रलोभन में।

> चुनाव
> एक ऐसा मुद्दा है कि राजनीती से जुड़े लोग अपने पार्टी या उम्मीदवार को जितने के लिए एडी-छोटी का बल लगा देते है । वह ग्राम में अपनी राजनितिक पहुच का फायदा उठाकर लोगो को आपस में भिडाकर अपना फायदा उठाने से नहीं चूकते है । ग्राम पंचायत चुनाव में यह माहौल देखा जा सकता है। सभी एक ग्राम में रहने वाले है यंही रहकर आपस में सामंजस बनाकर ग्राम विकास में सहयोगी बनना है

**गाँव की राजनीति में अपने आपसी सम्बन्ध खराब न करें:** चुनाव एक ऐसा मुद्दा है कि राजनीती से जुड़े लोग अपने पार्टी या उम्मीदवार को जितने के लिए एडी-छोटी का बल लगा देते है । वह ग्राम में अपनी राजनितिक पहुच का फायदा उठाकर लोगो को आपस में भिडाकर अपना फायदा उठाने से नहीं चूकते है । ग्राम पंचायत चुनाव में यह माहौल देखा जा सकता है। सभी एक ग्राम में रहने वाले है यंही रहकर आपस में सामंजस बनाकर ग्राम विकास में सहयोगी बनना है।

ऐसे में किसी की राजनीती का सीकर न बने, आपसी मतभेद को त्यागकर ग्राम के चहुमुखी विकास में सहयोगी बने।

# बालश्रम: 20 वर्ष बाद भी नहीं सुधरे हालात

**योगेश कुमार गोयल**

**बालश्रम** की समस्या पूरी दुनिया के लिए एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। हालांकि बालश्रम पर प्रतिबंध लगाने के लिए कई देशों ने कानून भी बनाए हैं लेकिन स्थिति में अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं देता। बालश्रम के प्रति विरोध, इसके लिए लोगों को जागरूक करने, बालश्रम की क्रूरता तथा बालश्रम को पूरी तरह समाप्त करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 12 जून को दुनियाभर में बालश्रम निषेध दिवस मनाया जाता है। इसकी शुरूआत अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन) द्वारा वर्ष 2002 में 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को बाल मजदूरी से बाहर निकालकर उन्हें शिक्षित करने के उद्देश्य से की गई थी। बच्चों की समस्याओं पर विचार करने के लिए पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय प्रयास अक्तूबर 1990 में न्यूयार्क में विश्व शिखर सम्मेलन में हुआ था, जिसमें गरीबी, कुपोषण और भुखमरी के शिकार दुनिया भर के करोड़ों बच्चों की समस्याओं पर 151 देशों के प्रतिनिधियों ने विचार-विमर्श किया था। हालांकि चिंता की बात यही है कि बालश्रम निषेध दिवस मनाते हुए 20 वर्ष बीत जाने के बाद भी बाल मजदूरी पर अंकुश नहीं लगाया जा सका है। बढ़ती जनसंख्या, निर्धनता, अशिक्षा, बेरोजगारी, खाद्य असुरक्षा, अनाथ, सस्ता श्रम, मौजूदा कानूनों का दृढ़ता से लागू न होना इत्यादि बालश्रम के अहम कारण हैं। बालश्रम के ही कारण बच्चे शिक्षा से वंचित हो जाते हैं, उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है, बाल अपराध बढ़ते हैं और भिक्षावृत्ति, मानव अंगों के कारोबार तथा यौन शोषण के लिए उनकी गैर कानूनी खरीद-फरोख्त होती है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में 5 और 17 वर्ष की उम्र के बीच 15 करोड़ से ज्यादा बच्चे बाल मजदूरी करने को विवश हैं, जिनमें से 7.3 करोड़ बच्चे बहुत बदतर परिस्थितियों में खतरनाक कार्य कर रहे हैं, जिनमें सफाई, निर्माण, कृषि कार्य, खदानों, कारखानों में तथा फेरी वाले व घरेलू सहायक इत्यादि के रूप में कार्य करना शामिल हैं। आईएलओ के अनुसार हाल के वर्षों में खतरनाक श्रम में शामिल 5 से 11 वर्ष की आयु के बच्चों की संख्या बढ़कर करीब दो करोड़. हो गई है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार 15 से 24 वर्ष आयु के 54 करोड़ युवा श्रमिकों में से 3.7 करोड़ बच्चे हैं, जो खतरनाक बालश्रम का कार्य करते हैं, जो विश्व की कुल श्रमिक क्षमता का 15 फीसदी है और पिछले ढाई वर्षों के कोरोना काल में तो इन आंकड़ों में बड़ी वृद्धि होने का अनुमान है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित सतत विकास लक्ष्य के तहत हालांकि वर्ष 2025 तक बाल मजदूरी को पूरी तरह से खत्म करने का संकल्प लिया गया है लेकिन पूरी दुनिया में बालश्रम के आंकड़े जिस प्रकार बढ़ रहे हैं, उसे देखते हुए ऐसा होता संभव नहीं दिखता। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनीसेफ) की एक रिपोर्ट में बताया जा चुका है कि दुनियाभर में 13 करोड़ से भी ज्यादा बच्चे किसी न किसी कारण स्कूल नहीं जा पाते। वैसे दुनिया के विभिन्न देशों में बालश्रम को लेकर बच्चों की अलग-अलग आयु निर्धारित की गई है। संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुसार श्रम करने वाले 18 वर्ष से कम आयु वालों को बाल श्रमिक माना गया है जबकि आईएलओ के मुताबिक बालश्रम की उम्र 15 वर्ष तय की गई है। अमेरिका में 12 वर्ष अथवा उससे कम उम्र वालों को बाल श्रमिक माना जाता है जबकि हमारे यहां भारतीय संविधान के अनुसार किसी उद्योग, कल-कारखाने अथवा किसी कम्पनी या प्रतिष्ठान में शारीरिक अथवा मानसिक श्रम करने वाले 5 से 14 वर्ष की आयु वाले बच्चों को बाल श्रमिक कहा जाता है। भारत में भी बालश्रम, बाल शोषण और बाल व्यापार एक गंभीर समस्या है, जिसके लिए आर्थिक तंगी, भुखमरी इत्यादि अहम कारक हैं। यूनीसेफ के अनुसार दुनियाभर के कुल बाल मजदूरों में 12 फीसदी हिस्सेदारी अकेले भारत की है। हालांकि भारत में बाल श्रम (निषेध व नियमन) अधिनियम 1986 के तहत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के जीवन एवं स्वास्थ्य के लिए अहितकर माने गए किसी भी प्रकार के अवैध पेशों तथा कई प्रक्रियाओं में नियोजन को निषिद्ध बनाता है। वर्ष 1996 में उच्चतम न्यायालय ने भी अपने फैसले में संघीय और राज्य सरकारों को खतरनाक प्रक्रियाओं तथा पेशों में कार्य करने वाले बच्चों की पहचान करने, उन्हें कार्य से हटाने और गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया था। अगर मौजूदा समय में बालश्रम की स्थिति देखें तो करोड़ों बच्चे पढ़ने-लिखने, खेलने-कूदने की उम्र में भी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, जम्मू-कश्मीर से लेकर पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र से लेकर तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, केरल, बिहार से लेकर पश्चिम बंगाल, असम, त्रिपुरा इत्यादि लगभग पूरे देश के विभिन्न हिस्सों में कालीन, दियासलाई, रत्न पॉलिश, ज्वेलरी, पीतल, कांच, बीड़ी उद्योग, हस्तशिल्प, पत्थर खुदाई, चाय बागान, बाल वेश्यावृत्ति इत्यादि कार्यों में लिप्त हैं। एक ओर जहां ऐसे बच्चों का बचपन श्रम की भट्ठी में झुलस रहा है, वहीं कम उम्र में खतरनाक कार्यों में लिप्त होने के कारण ऐसे अनेक बच्चों को कई प्रकार की बीमारियां होने का खतरा भी रहता है। खतरनाक कार्यों में संलिप्त होने के कारण बाल श्रमिकों में प्रायः श्वांस रोग, टीबी, दमा, रीढ़ की हड्डी की बीमारी, नेत्र रोग, सर्दी-खांसी, सिलिकोसिस, चर्म-रोग, स्नायु संबंधी जटिलता, अत्यधिक उत्तेजना, ऐंठन, तपेदिक जैसी बीमारियां हो जाती हैं। हालांकि भारत में बालश्रम को लेकर स्पष्ट आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं लेकिन वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार देश में 5 से 14 वर्ष के 25.96 करोड़ बच्चों में से 1.01 करोड़ बालश्रम की दलदल में धकेले गए थे लेकिन बालश्रम निषेध के लिए बने तमाम कानूनों और उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों के बावजूद यह समस्या कम होने के बजाय निरंतर बढ़ती गई है। गैर सरकारी आंकड़ों के अनुसार भारत में वर्तमान में पांच करोड़ से ज्यादा बाल मजदूर हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो देश में कुल बाल मजदूरों में से करीब 80 फीसदी बच्चे गांवों से ही हैं और खेती-बाड़ी जैसे कार्यों से लेकर खतरनाक उद्योगों और यहां तक कि वेश्यावृत्ति जैसे शर्मनाक पेशों में भी धकेले गए हैं। शहरों तथा कस्बों में तो बच्चे ऐसे माहौल में काम करने को विवश हैं, जहां उनके स्वास्थ्य के साथ खुलकर खिलवाड़ होता है। बालश्रम के खिलाफ कार्यरत संगठन बचपन बचाओ आंदोलन की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 7-8 करोड़ बच्चे अनिवार्य शिक्षा से वंचित हैं और इनमें से अधिकांश बच्चे संगठित अपराध रैकेट के शिकार होकर बाल मजदूरी के लिए विवश किए जाते हैं जबकि शेष गरीबी के कारण स्कूल नहीं जा पाते। वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर देश में सेक्टर आधारित बाल मजदूरी पर नजर डालें तो बच्चों की सबसे बड़ी करीब 33 फीसदी आबादी खेती से जुड़े कार्यों में लगी थी जबकि करीब 26 फीसदी बच्चे खेतिहर मजदूर थे। सर्वाधिक संख्या देश के पांच बड़े राज्यों उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, महाराष्ट्र तथा मध्य प्रदेश में है। श्रम विशेषज्ञों का मानना है कि गरीबी की ही देन नहीं है बल्कि इसका संबंध समुचित शिक्षा के अभाव से भी है।

# खदान के अमृत जल का पाली से संदेश

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

**मौसम** विभाग का इस बार भी देश में सामान्य मानसून का संदेश राहत भरा है। दरअसल गर्मियों का मौसम आते-आते देश के बहुत से हिस्सों में पेयजल का संकट बढ़ जाता है। पिछले कुछ सालों से सामान्य मानसून के बावजूद भूगर्भीय जल स्तर में लगातार गिरावट देखी जा रही है। भूगर्भीय जल के अत्यधिक दोहन और लाख प्रयासों के बावजूद वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के सकारात्मक परिणाम प्राप्त नहीं होने के कारण देश के अधिकांश हिस्सों में भूगर्भीय जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है। डार्क जोन बढ़ते जा रहे हैं। इसके जो कारण है वह भी किसी से छिपे नहीं है। एक तो अत्यधिक दोहन, दूसरा पानी का अत्यधिक उपयोग और परंपरागत जल संग्रहण व्यवस्था के लगभग समाप्त हो जाने से हालात दिन-प्रतिदिन बद से बदतर होते जा रहे हैं। ऐसे में राजस्थान के पाली मारवाड से सुकून भरा संदेश आया है। पाली में पेयजल संकट के दौरान एकाएक ध्यान पाली से मात्र दस से पन्द्रह किलोमीटर दूर की खदान में भरे पानी की ओर गया और जब उस पानी का आकलन किया गया तो आश्चर्यजनक तथ्य सामने आया कि इन खदानों से पाली को प्रतिदिन 3 एमएलडी यानी कि 30 लाख लीटर पानी की आपूर्ति की जा सकती है और वो भी एक-दो दिन नहीं बल्कि आरंभिक आकलन के अनुसार पूरे दो माह यानी जून के अंत तक। जलदाय विभाग के नए अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुबोध अग्रवाल स्वयं पाली से 10 किमी दूर सुवानियां और मानपुर की खदान पर गए और जिला प्रशासन, खान विभाग व जलदाय इंजीनियरों से समन्वय बनाते हुए पाली के जल फिल्टर प्लांट तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की। मजे की बात यह कि पाली के लिए अभी दो खदानें ही जलापूर्ति में सहभागी बन रही थी कि जाड़न खदान से भी पानी लाने की कार्ययोजना बन गई।

देखा जाए तो राजस्थान वासी ही सही मायने में पानी का मोल समझते हैं। राजस्थान के संदर्भ में यदि कोई सबसे अधिक कीमती है तो पानी ही है। गर्मियों के मौसम में तो पानी को लेकर प्रशासन किस तरह पसीने-पसीने हो जाता है वह इन दिनों की मीडिया रिपोर्टस से देखा जा सकता है। इन दिनों पाली की प्यास वाटर स्पेशल ट्रेन से बुझाई जा रही है तो एक समय भीलवाड़ा के लिए भी वाटर स्पेशल ट्रेन से पानी की आपूर्ति की जाती रही है। हालांकि अप्रैल के दूसरे पखवाड़े. से जोधपुर भगत कोठी से पाली मारवाड के लिए चल रही वाटर स्पेशल ट्रेन के सौ फेरे पूरे कर लेने की मीडिया में यह खबर पिछले दिनों प्रमुखता से छाई रही है। इस सबके बीच पाली वासियों की प्यास बुझाने में खदानों में भरे पानी की आपूर्ति अपने आप में किसी सराहनीय नवाचार से कम नहीं आंका जा सकता। सामान्यतः मीडिया में खदानों में भरे पानी में नहाते समय डूबने के समाचार तो आते रहते हैं पर जीवनदायी बनती खदानों में भरी बरसात की एक-एक बूंद का महत्व पाली में जलापूर्ति से आसानी से समझा जा सकता है। यह सही है कि पाली की जलापूर्ति की पूरी आवश्यकता इन खदानों में भरे पानी से नहीं हो सकती पर इस मायने में यह सराहनीय हो जाता है कि वाटर ट्रेन से आ रहे पानी के बाद भी कम पड रहे पानी की मांग इन खदानों के पानी से आसानी से हो सकती है। समूचे राजस्थान में बेशकीमती खनिजों का भण्डार है। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के क्षेत्र में भी राजस्थान की विशिष्ट पहचान हो गई है। इन सबके बीच सकारात्मकता यह है कि पाली में खदानों से पानी की आपूर्ति नवाचार अवश्य है और एसीएस डॉ. सुबोध अग्रवाल ने इन खदानों के पानी को आधुनिकतम तकनीक से फिल्टर कर पेयजल के पाली तक पहुंचाने का विवेकपूर्ण निर्णय कर एक नई दिशा दे दी है। राजस्थान खनिज प्रधान प्रदेश होने से यहां खदानों की प्रचुरता भी है। ऐसी खदानें जिनमें अब खनन नहीं हो रहा है और कोई वैकल्पिक उपयोग नहीं दिखता तो इन खदानों में भरे बरसात के पानी की एक-एक बूंद का उपयोग जलापूर्ति में किए जाने की कार्ययोजना बनाई जा सकती है। इस पानी को पेयजल व सिंचाई के लिए भी उपयोग में लिया जा सकता है। राजस्थान में पेयजल आपूर्ति के लिए चित्तौड़ की खदान और उदयपुर के रॉकफास्फेट की खदानों से किया जा रहा है।

## भारत की संप्रभुता, एकता तथा अखंडता

**संजीव ठाकुर**

**पाकिस्तान** में नई सरकार के बनने से लगातार उसके द्वारा सोशल मीडिया में भारत के विरुद्ध अरब देशों को उकसाने और भड़काने का काम किया जा रहा है, और यही कारण है कि अरब देशों में से बारह तेरह देशो ने भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त कर भारत के राजदूतों को स्पष्टीकरण के लिए तलब किया है। हालांकि इस तरह के पाकिस्तान के अन्य देशों को भड़काने से भारत की विदेश नीति में कोई ज्यादा फर्क पड़ने वाला नहीं है। भारत के रिश्ते अरब के देशों से पिछले एक दशक से काफी मजबूत हुए हैं, और इस तरह की घटनाओं से ज्यादा फर्क पड़ने का कोई अंदेशा नहीं दिखाई देता है। नीदरलैंड क सांसद ने भारत का समर्थन करते हुए किसी भी स्थिति से विचलित ना होने की अपील भी की है। भारत संप्रभुता एकता तथा अखंडता का वैश्विक स्वच्छ एवं साफ-सुथरी छवि वाला एकमात्र बड़ा लोकतांत्रिक देश है। अमेरिका में भी लोकतंत्र है पर वहां पूंजीवादी व्यवस्था तथा व्यापक व्यवसायीकरण ने अनेक राष्ट्रपतियों को विस्तार वादी तथा साम्राज्यवादी मानसिकता का बना दिया है। अमेरिका की शक्ति संपन्नता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसे एक संवेदनहीन लोकतांत्रिक एवं निरंकुश राष्ट्र के रूप में स्थापित कर चुकी है। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में अमेरिका और विभिन्न काल खंडों में अलग-अलग देशों को एक दूसरे से युद्ध करने के उकसाने के लिए बदनाम रहा है, और उसकी इस इस कूटनीति का सबसे बड़े एवं तात्कालिक उदाहरण अफगानिस्तान में तालिबान आतंकवादियों का कब्जा एवं और रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन अमेरिकी तथा अमेरिकी समर्थित नैटो एवं यूरोपीय देशों की भूमिका ही रही है। दूसरी तरफ भारत एक विशाल लोकतांत्रिक देश होने के साथ-साथ शांति सौहार्द्र और गुटनिरपेक्षता का पक्षधर रहा है। भारत देश में सदैव वैश्विक शांति का संदेश ही दिया है।

## कार्लसन नें जीता नॉर्वे शतरंज का खिताब, आनंद रहे तीसरे स्थान पर

**स्टावंगर, नॉर्वे।** नॉर्वे शतरंज के 10वे संस्करण का खिताब रिकॉर्ड पाँचवीं पर मौजूदा विश्व चैम्पियन मेजबान नॉर्वे के मेगनस कार्लसन नें अपने नाम कर लिया कार्लसन नें पिछले 4 खिताब तो लगातार अपने नाम किए है । अंतिम राउंड मे कार्लसन नें बुल्गारिया के वेसेलीन टोपालोव से क्लासिकल मुक़ाबला ड्रॉ खेलकर और उसके बाद टाईब्रेक जीतकर 1.5 अंक जुटाये और 16.5 अंको के साथ पहले स्थान पर रहे जबकि आनंद को हराकर खिताब के नजदीक पहुँच गए




अजरबैजान के शाखिरयार ममेद्यारोव को अंतिम राउंड मे टाईब्रेक के दौरान हमवतन तैमूर रद्जाबोव से हार का सामना करना पड़ा और वह सिर्फ 1 अंक और जोड़कर 15.5 अंको के साथ दूसरे स्थान पर रहे , भारत के विश्वनाथन आनंद नें अंतिम राउंड मे नॉर्वे के आर्यन तारी को टाईब्रेक मे हराकर 1.5 अंक हासिल किए और वह 14.5 अंको के साथ तीसरे स्थान पर रहे । आखिरी राउंड में फ्रांस के मकसीम लागरेव नें नीदरलैंड के अनीश गिरि को मात देकर कुल 14 अंको के साथ चौंथा स्थान हासिल किया जबकि यूएसए के वेसली सो चीन के वांग हाउ को मात देकर 12.5 अंको के साथ पांचवें स्थान पर रहे ।

## पैरा निशानेबाजी विश्व कप : जाखड़ को दो स्वर्ण, फ्रांसिस को रजत

**नई दिल्ली।** भारतीय पैरा निशानेबाजों ने फ्रांस में चल रहे पैरा निशानेबाजी विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन बरकरार रखा जब राहुल जाखड़ ने पी5 मिश्रित 10 मीटर एयर पिस्टल स्टैंडर्ड एसएच1 और टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता । पेरिस पैरालम्पिक के इस क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में चार दिन में भारत ने पांच स्वर्ण और तीन रजत पदक जीते हैं । तोक्यो पैरालम्पिक 2020 में मिश्रित 25 मीटर पिस्टल फाइनल में पांचवें स्थान पर रहे जाखड़ ने भारत की रूबिना फ्रांसिस को हराया । उन्होंने पहली तीन सीरिज में 90 प्लस का स्कोर किया और उनका कुल स्कोर 367 सिक्स एक्स रहा । फ्रांस के इडेन गाएले को कांस्य पदक मिला । जाखड़ ने क्रोएशिया 2019 विश्व कप में विश्व रिकॉर्ड के साथ पुरूषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता था। जाखड़, दीपेंदर सिंह और आकाश का स्कोर मिलाकर भारत ने टीम वर्ग में 1042 . 12एक्स के साथ स्वर्ण पदक जीता । फ्रांस दूसरे और पोलैंड तीसरे स्थान पर रहा ।

## इंगलैंड के खिलाफ 5वें टेस्ट की तैयारी के लिए Ashwin ने उठाया बड़ा कदम

**चेन्नई ।** व्यस्त आईपीएल सत्र के बाद रविचंद्रन अश्विन क्लब टीम के लिए खेलने की तैयारी में जुटे हैं और भारत के इस अनुभवी स्पिनर का कहना है कि एक जुलाई से इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले 5वें टेस्ट से पहले लाल गेंद के क्रिकेट में खुद को ढालने के लिए उन्होंने यह फैसला लिया है। भारतीय टीम 15 जून को इंग्लैंड रवाना होगी जहां एडबस्टन में लीसेस्टरशर के खिलाफ अभ्यास मैच खेलना है। अश्विन ने टीएनसीए प्रथम श्रेणी सेमीफाइनल और फाइनल में एमआरसीए के लिए खेलने का फैसला किया है।



आईपीएल में वह राजस्थान रॉयल्स टीम में थे जो फाइनल तक पहुंची थी। उन्होंने कहा कि प्रथम श्रेणी मैच खेलने का मकसद टी20 से लाल गेंद के प्रारूप में ढलना है । यह सब कार्यभार प्रबंधन की बात है। उम्र और अनुभव के साथ आप चतुर होते जाते हैं। उन्होंने कहा कि मैं वही करने की कोशिश कर रहा हूं। मैं अपने खेल का मजा ले रहा हूं और इंग्लैंड में भी वही करना चाहता हूं।

अश्विन ने कहा कि मुझे लगता है कि मैं बल्ले और गेंद से योगदान दे सकता हूं। मैं अपनी फिटनेस पुख्ता रखना चाहता हूं। हाल ही में भारत के लिये सर्वोच्च विकेट लेने वाले अनिल कुंबले (619 विकेट) के बाद दूसरे गेंदबाज (442) बने अश्विन ने कहा कि मैंने अपने खेल पर बहुत मेहनत की है और मैं बहुत सोचता हूं। मैं अपने खेल से खुश हूं और बहुत आगे के लक्ष्य नहीं बनाता।

## भारत के प्रज्ञानानंद ने जीता नॉर्वे चेस ओपन, पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहकर हासिल किया खिताब

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे युवा ग्रांडमास्टर आर प्रज्ञानानंद ने नॉर्वे चेस ओपन का खिताब जीत लिया है। 16 साल के प्रज्ञानानंद ने ओपन चेस टूर्नामेंट में 7.5 अंक हासिल किए और सभी नौ राउंड में अजेय रहे। इस टूर्नामेंट में उन्हें पहले ही टॉप सीड दी गई थी। आखिरी मैच में प्रज्ञानानंद ने अपने हमवतन खिलाड़ी वी प्रणीत को हराकर खिताब जीता। इससे पहले उन्होंने विक्टर मिखालेवस्की को आठवें दौर में और वितली कुनिन को छठे दौर में पराजित किया था। चौथे दौर में उन्होंने मुखामदजोखिद सुयारोव, दूसरे दौर में सीमन मुतोसोव और पहले राउंड में मथियास उनलैंड को हराया था। वहीं, उनके बाकी तीन मैच ड्रॉ रहे।

प्रज्ञानानंद पिछले कुछ समय से शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने विश्व चैंपियन मैगनस कार्लसन को दूसरी बार हराया और चेसएबल मास्टर्स के फाइनल में चाइना के डिंग लिरेन से हारे थे।

**इजराइल के मार्सल दूसरे स्थान पर**

प्रज्ञानानंद के बाद इजराइल के आईएल मार्सल इफरोइमिस्की दूसरे, स्वीडन के आईएम जुंग मिन सेओ और प्रणीत छह अंक के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। हालांकि, टाइब्रेक में खराब स्कोर के कारण उन्हें छठे




स्थान पर रखा गया था। अगले महीने चेन्नई में होने वाले 44वें चेस ओलंपियाड में प्रज्ञानानंद भारत की बी टीम का हिस्सा होंगे।

**कोच ने दी शुभकामनाएं**

इस जीत के बाद प्रज्ञानानंद के कोच आरबी रमेश ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह जीत उनका आत्मविश्वास बढ़ाएगी। उन्होंने कहा 'जीत के लिए उन्हें शुभकामनाएं। वो टॉप सीड खिलाड़ी थे, इसलिए कोई चौकने वाली बात नहीं है कि टूर्नामेंट जीते हैं। वो कुलमिलाकर अच्छा खेले। काले मोहरों के साथ तीन मैच ड्रॉ कराए और बाकी मैच अपने नाम किए। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**भारत के सबसे युवा ग्रैंडमास्टर हैं प्रज्ञानानंद**

प्रज्ञानानंदा ने 12 साल, 10 महीने और 13 दिन की उम्र में ग्रैंड मास्टर का खिताब हासिल कर लिया था। वो भारत के सबसे युवा ग्रैंड मास्टर हैं। वहीं, साल 2018 में वो दुनिया के दूसरे सबसे युवा ग्रैंडमास्टर थे। उनसे पहले सिर्फ यूक्रेन के सिर्जी कर्जाकिन साल 1990 में सिर्फ 12 साल की उम्र में ग्रैंडमास्टर बन गए थे।

## उमरान मलिक पर कपिल देव का चौकाने वाला बयान- हम इतनी प्रशंसा करते हैं कि...

**नई दिल्ली।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चल रही पांच मैचों की टी-20ई सीरीज के दौरान पूर्व क्रिकेटर कपिल देव का भारतीय तेज गेंदबाज उमरान मलिक को लेकर दिया गया बयान चर्चा में आ गया है। उमरान ने आईपीएल 2022 में सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेलते हुए सबको प्रभावित किया था। इसी कारण उन्हें टीम इंडिया स्क्वायड में आने का मौका मिला। उमरान अपने गति के कारण चर्चा में हैं इसी बीच कपिल देव का कहना है कि उमरान को अपने करियर पर फोक्स करना होगा। साथ ही साथ उसे यह भी पता होना चाहिए कि भारत में कई बार किसी एक क्रिकेटर की इतनी प्रशंसा की जाती है कि वह एक साल बाद गायब ही हो जाता है।

उमरान ने आईपीएल 2022 में 156.9 किलोमीटर प्रति घंटे (97.5 मील प्रति घंटे) की रफ्तार से दौड़ लगाई, जो टूर्नामेंट की दूसरी सबसे तेज डिलीवरी थी। बहरहाल, कपिल ने उमरान पर कहा- मैं उसके चयन से बहुत खुश हूं। लेकिन यह बहुत जल्दी है ... आपको उसे इस स्तर पर कम से कम दो-तीन साल देने होंगे। हम एक खिलाड़ी की खूब प्रशंसा करते हैं फिर वह 1 साल बाद गायब हो जाता है। कपिल बोले- मैं चाहता हूं कि उमरान खुद को एक अच्छे माहौल में रखे और उसी गति से कड़ी मेहनत जारी रखे। उसकी क्षमता को देखकर, मुझे नहीं लगता कि उसके पास किसी चीज की कमी है। उसे मानसिकता विकसित करने की जरूरत है। वह अच्छे गेंदबाजों से सलाह लें और गेंदबाजी के फुटेज देखें। कपिल ने कहा कि वह तेज गेंदबाजी करता है और विकेट भी लेता है। हमने ऐसे खिलाड़ी देखे हैं जो तेज गेंदबाजी कर सकते हैं लेकिन विकेट नहीं ले सकते। इस युवा ने दोनों काम किए हैं। शायद इसी कारण उन्हें टीम इंडिया से कॉल भी आ गई। लेकिन उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छाने के लिए अभी खुद को दो-तीन साल देने होंगे। कपिल बोले- अगर आप 150 से अधिक की स्पीड से गेंदबाजी करते हैं तो आपकी इकोनमी 9 नहीं 6 से 7 के आसपास होनी चाहिए। उसे इसमें सुधार करना होगा। वह यॉर्कर




आजमाएं और बल्लेबाज की मानसिकता को समझें। बेहतर होगा वह गुणवत्ता वाले बल्लेबाजों के खिलाफ गेंदबाजी करे। बता दें कि उमरान को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी-20 मैच में मौका नहीं दिया गया था। इस पर टीम इंडिया के कोच राहुल द्रविड़ ने कहा था कि हमें सिर्फ यह देखना है कि हम उसे कितना समय दे पाएंगे। हमारे पास एक बड़ी टीम है, सभी को अंतिम एकादश में रखना संभव नहीं है। द्रविड़ ने कहा था कि वह निश्चित रूप से तेज गेंदबाजी करता है। वह जितना अधिक खेलता है उतना ही अच्छा होता है। उसे मिश्रण में पाकर बहुत खुश हूं।

## आईपीएल मीडिया अधिकार : अमेजन हटा, अब स्टार, वायकोम18, सोनी और जी के बीच दौड़

**नई दिल्ली।** जेफ बेजोस और मुकेश अंबानी के बीच दुनिया की सबसे महंगी खेल प्रॉपर्टी में से एक को हासिल करने की भिड़ंत अब देखने को नहीं मिल पाएगी क्योंकि 'ओटीटी जायंट' अमेजन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मीडिया अधिकारों के लिए रविवार को शुरू होने वाली बोली से हटने का फैसला किया। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की वायकोम18 को टीवी और डिजिटल दोनों अधिकार हासिल करने के लिए मजबूत दावेदारों में से एक माना जा रहा है। डिजिटल अधिकारों के लिये सबसे बड़ी बोली लगाने के लिए बेजोस की अमेजन के सबसे आगे होने की उम्मीद थी लेकिन उसने कारण बताए बिना इस दौड़ से खुद को हटा लिया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हां, अमेजन दौड़ से बाहर हो गया है। उन्होंने आज तकनीकी बोली प्रक्रिया में भी हिस्सा नहीं लिया। जहां तक गूगल (यूट्यूब) का संबंध है तो



उन्होंने बोली दस्तावेज लिए थे लेकिन इन्हें जमा नहीं किया है। अभी तक 10 कंपनियां (टीवी और स्ट्रीमिंग) दौड़ में हैं। इस बार मीडिया अधिकारों के लिए चार विशेष पैकेज हैं जिसमें प्रत्येक सत्र के 74 मैचों के लिए दो दिन तक ई-नीलामी की जाएगी जो 2023 से 2027 तक 5 वर्ष के समय के लिए होगी जिसमें अंतिम दो वर्षों में मैचों की संख्या को बढ़ाकर 94 करने का भी प्रावधान है। पैकेज ए में भारतीय उपमहाद्वीप एक्सक्लूसिव टीवी (प्रसारण) अधिकार हैं जबकि पैकेज बी में भारतीय उपमहाद्वीप के लिए डिजिटल अधिकार शामिल हैं। पैकेज सी प्रत्येक सत्र में 18 चुनिंदा मैचों के डिजिटल अधिकारों के लिए है जबकि पैकेज डी (सभी मैचों) विदेशी बाजार के लिए टीवी और डिजिटल के लिए संयुक्त अधिकार का होगा। अधिकारी ने कहा कि इसे स्पष्ट कर देते हैं कि वायकोम18 जेवी (ज्यांइट वेंचर), मौजूदा अधिकारधारी वाल्ट डिज्नी (स्टार), जी और सोनी पैकेज के लिए 4 दावेदार हैं जिनकी टीवी और डिजिटल बाजार पर मजबूत पकड़ है। कुछ अन्य दावेदार, मुख्यत~ डिजिटल अधिकारों के लिए टाइम्स इंटरनेट, फनएशिया, ड्रीम11, फैनकोड हैं जबकि स्काई स्पोर्ट्स (ब्रिटेन) और सुपरस्पोर्ट (दक्षिण अफ्रीका) विदेशी टीवी और डिजिटल अधिकारों की कोशिश में जुटे होंगे। पिछली बार स्टार इंडिया ने टीवी और डिजिटल दोनों अधिकार 16,347.50 करोड़ रुपए की संयुक्त बोली में हासिल किये थे लेकिन इस दफा समग्र आधार मूल्य 32,000 करोड़ रूपये से अधिक का होगा। सभी बोली लगाने वाली कंपनियों को इस बार प्रत्येक पैकेज के लिए अलग-अलग बोली लगानी होंगी।

## 'मैं सुबह 5 बजे उठता था, शाम 4 बजे भी ग्राऊंड में होता था'

**मुंबई।** आईपीएल 2022 में हार्दिक पांड्या क्रिकेट दिग्गजों को सबसे ज्यादा प्रभावित करने में सफल रहे। चोटों के कारण टीम इंडिया से बाहर हुए हार्दिक ने आखिर गुजरात टाइटंस के लिए खिताब जीतकर वापसी की। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए पहले मुकाबले में उन्होंने बल्ले से भी धमाल मचाया और महज 12 गेंदों पर 31 रन बना दिए। इसी बीच हार्दिक पांड्या की एक वीडियो इंटरव्यू सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है जिसमें उन्होंने टीम इंडिया में वापसी के लिए किए गए अपने संघर्ष को याद किया है। हार्दिक ने कहा - मैं आईपीएल में लौटने से पहले भावनात्मक रूप से ठीक था। प्लेऑफ में क्वालीफाई करना मेरे लिए बड़ी बात थी क्योंकि लोग हम पर शक कर रहे थे। मेरी वापसी पर कई बातें कहीं गईं। मैं बस खुद का साबित करना चाहता था। मैं यह सुनिश्चित करने के लिए सुबह 5 बजे उठता था और प्रशिक्षण लेता था। फिर शाम चार बजे भी ग्राऊंड में होता था। यह सेशन चार महीनों तक चला। रात 9:30 बजे तक मैं सो जाता था। मैंने बहुत बलिदान दिए। खिताब



जीतकर आकर संतोष आया।

हार्दिक ने टीम इंडिया में वापसी पर कहा- मैं स्पष्ट रूप से बहुत उत्साहित हूं। देश के लिए खेलना हमेशा खास रहा है। इतने लंबे ब्रेक के बाद आने और नए सिरे से वापसी करने से मुझे उस तरह के शो का मौका मिलता है, जिसके लिए मैंने वास्तव में कड़ी मेहनत की है। देश के लिए अच्छा करना अधिक है महत्वपूर्ण है और इससे मुझे बहुत खुशी मिलती है। हार्दिक बोले- आप जो भी सीरीज या मैच खेलते हैं, वह आपके लिए महत्वपूर्ण होता है। मेरे लिए अब विश्व कप आगामी लक्ष्य है। इसकी तैयारी के लिए यह सही मंच है। अब क्रिकेट बैक टू बैक है इसलिए आपको लय में रहने की जरूरत है। यह सीरीज मेरे लिए खुद को व्यक्त करने का एक अवसर है। मेरी भूमिकाएं बदली जाएंगी, मैं कप्तान नहीं रहूंगा या शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी नहीं करूंगा। यह वही होगा जिसके लिए हार्दिक जाने जाते हैं।

## रणजी ट्रॉफी: खेल मंत्री मनोज तिवारी ने शतक लगाकर रचा इतिहास, बंगाल सेमीफाइनल में पहुंचा

**बेंगलुरू।** बंगाल के खेल मंत्री मनोज तिवारी ने वह उपलब्धि हासिल की जो रणजी ट्रॉफी में 88 साल में कोई और नहीं कर सका और वह प्रदेश के खेलमंत्री रहते शतक जड़ने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। बंगाल ने झारखंड के खिलाफ पहली पारी की विशाल बढत के आधार पर सेमीफाइनल में जगह बना ली। पांचवें दिन का खेल औपचारिकता मात्र था जिसमें तिवारी ने 136 रन बनाए। अपने क्षेत्र से जुड़ी फाइलों पर दस्तखत करने के साथ तिवारी ने मैदान पर बल्लेबाजी के जलवे दिखाते हुए अपनी पारी में 19 चौके और दो छक्के लगाए। शाहबाज अहमद ने 46, अनुस्तूप मजूमदार ने 38 और अभिषेक पोरेल ने 34 रन बनाए। तीनों ने पहली पारी में भी बड़े स्कोर बनाए थे। एकतरफा क्वार्टर फाइनल में बंगाल ने पहली पारी में 7 विकेट पर 773 रन बनाए थे और उसके 9 बल्लेबाजों ने अर्धशतक जड़कर प्रथम श्रेणी क्रिकेट के 250 साल के इतिहास में नया रिकॉर्ड बनाया था। झारखंड के लिए शाहबाज नदीम ने 59 रन देकर पांच विकेट लिए। वहीं पहली पारी में विराट सिंह ने 136 रन बनाए थे। सेमीफाइनल में बंगाल का सामना मध्यप्रदेश से होगा। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में मुंबई की टक्कर उत्तर प्रदेश से होगी। दोनों मैच 14 जून से खेले जाएंगे।

## कंबोडिया को हराकर भारत के हौसले बुलंद, अफगानिस्तान को हरा बढ़त लेने के लिए उतरेगी टीम इंडिया

**कोलकाता ।** कप्तान सुनील छेत्री की अगुवाई में भारतीय फुटबॉल टीम शनिवार को अफगानिस्तान के खिलाफ जीत दर्ज कर एशिया कप क्वालिफायर्स में बढ़त बनाने के लिए उतरेगी। भारत ने क्वालिफिकेशन के तीसरे दौर के पहले मैच में कंबोडिया को 2-0 से हराया था। वहीं, अफगानिस्तान की टीम अपना पहला मैच हांगकांग से 2-1 से हार चुकी है। यह मैच अफगानिस्तान के लिए करो या मरो का होगा। यदि अफगानिस्तान की टीम हारती है, तो वह एशिया कप के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाएगी। 37 वर्षीय सुनील छेत्री चाहेंगे कि अफगानिस्तान को हराकर क्वालिफाई करने के लिए अपना दावा मजबूत करें। इसके बाद क्वालिफाइंग राउंड का अंतिम मैच भारत को हांगकांग से खेलना होगा। वहीं, हांगकांग और कंबोडिया का मुकाबला भी शनिवार को होगा। भारत का मुकाबला रात 8:30 बजे से शुरू होगा।

**इन खिलाड़ियों पर निगाह**

एशिया कप फाइनल्स में लगातार दूसरी बार जगह बनाने के लिए भारत की निर्भरता सुनील



छेत्री पर है। इसके अलावा लिस्टन कॉलेको, मनवीर सिह, उदंता सिंह, आशिक कुरुनियान और रोशन सिंह पर निगाहें टिकी रहेंगी।

**मेसी से चार गोल पीछे**

सक्रिय फुटबॉल खेल रहे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में सुनील छेत्री 82 गोल के साथ तीसरे नंबर पर हैं। वह क्रिस्टियानो रोनाल्डो (117) और लियोनेल मेसी (86) से ही पीछे हैं। यदि छेत्री आगामी दो मैचों में चार गोल करते हैं तो वह मेसी की बराबरी कर लेंगे। वहीं, पांच गोल करते वहीं मेसी को पीछे छोड़ सकते हैं।

**कोच बोले-छेत्री के साथ ही हमारे पास अन्य खिलाड़ी भी**

भारतीय कोच स्टिमैक ने कहा कि मैं यह जवाब देते हुए थक गया हूं कि छेत्री के बाद कौन टीम को लीड करेगा। उन्होंने कहा कि छेत्री लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके साथ ही हमारे पास अन्य खिलाड़ी भी हैं, जो टीम के लिए महत्वपूर्ण हैं। अफगानिस्तान के लिए करो या मरो के इस मुकाबले में भारत की बैकलाइन अहम भूमिका निभाएगी। रोशन सिंह, संदेश झिंगान, अनवर अली और आकाश मिश्रा ने कंबोडिया के खिलाफ हुए मैच में दमदार प्रदर्शन किया था।

**दमदारी से खेलेंगे: दस्तगीर**

अफगानिस्तान के कोच अनूश दस्तगीर ने कहा कि हम दमदारी से खेलेंगे। वर्ल्डकप क्वालिफायर में हमने भारत से 1-1 से ड्रॉ खेला था। हांगकांग से मिली हार के बारे में दस्तगीर ने कहा कि हम शुरुआत में ही पिछड़ गए थे। उन्होंने कहा कि अगले मैच में अब वह गलती नहीं करेंगे।

## मैरी कॉम को झटका, राष्ट्रमंडल खेलों में नहीं खेल पाएंगी, पैर में चोट के कारण ट्रायल से हटीं

**ब्रसेल्स ।** अनुभवी भारतीय मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम राष्ट्रमंडल खेलों के ट्रायल से हट गई हैं। वो अब इस साल राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा नहीं ले पाएंगी। शुक्रवार को पैर में चोट के कारण मैरी कॉम को यह फैसला लेना पड़ा। मैरी कॉम 48 किग्रा के ट्रायल के लिए पहुंची थीं, लेकिन चोट के कारण पहले दौर में ही उन्हें हटने के लिए मजबूत होना पड़ा।

छह बार की विश्व चैंपियन मैरी कॉम के हटने से हरियाणा की नीतू को फायदा हुआ। वो दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में राष्ट्रमंडल खेलों के ट्रायल के फाइनल में पहुंच गईं। मैरी कॉम पिछली बार राष्ट्रमंडल खेलों (2018) में स्वर्ण पदक जीती थीं। वो ट्रायल मैच के पहले दौर में चोटिल होकर रिंग में गिर गईं।

39 साल की इस मुक्केबाज ने चोटिल होने के बावजूद लड़ने की हिम्मत दिखाई, लेकिन कुछ



देर में उनका संतुलन बिगड़ गया और वो बाएं पैर में दर्द के कारण बैठ गईं। मैरी कॉम को रिंग से बाहर जाना पड़ा। इस कारण रेफरी ने नीतू को विजेता घोषित कर दिया। मैरी कॉम ने राष्ट्रमंडल खेलों पर ध्यान देने के लिए विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों से अपना नाम वापस ले लिया था।

**दस दिन से कैंप में ही थीः** बर्मिंघम खेलों के लिए मैरीकॉम निजी तौर पर ट्रेनिंग में पहले से जुटी थीं। उसके बाद वह दस दिन पहले दिल्ली में चल रहे शिविर में शामिल हो गई ताकि वहीं रहकर बेहतर तैयारियों को अंजाम दे सकें और ट्रायल में अच्छा कर सकें।

**क्या वापसी कर पाएंगी?**

मैरीकॉम को जब उन्हें पैर में चोट के बाद ले जाया जा रहा था तो उनकी आंखों से आंसू निकल रहे थे। भारत की इस दिग्गज मुक्केबाज का पेरिस में खेलना मुश्किल है क्योंकि तब तक वह 40 से अधिक उम्र की हो जाएंगी।

इस साल होने वाले एशियाई खेल पहले ही स्थगित हो चुके हैं, जो अगले साल होंगे। अब देखना यह है कि क्या वह वापसी करने में सफल रहेंगी। लंदन ओलंपिक की पदक विजेता पिछले टोक्यो ओलंपिक में जल्द ही इनग्रिट वेलेंसिया से दूसरे दौर में हार गई थीं।

## विम्बल्डन में बंटेंगे 4.35 करोड़ पाऊंड, 11.1 प्रतिशत बढ़ी ईनामी राशि

**लंदन ।** ऑल इंग्लैंड लॉन टेनिस क्लब (एईएलटीसी) ने विम्बल्डन ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता के लिए 4.35 करोड़ पाऊंड की रिकॉर्ड इनामी राशि की घोषणा की है। साल 2021 के मुकाबले 2022 में टेनिस प्रतियोगिताओं की इनामी राशि में 11.1 प्रतिशत का उछाल देखा गया है। घास पर होने वाला सबसे पुराना टेनिस दंगल 27 जून से 10 जुलाई के बीच होने वाला है। 3 साल बाद पहली बार कोई चैम्पियनशिप पूरी क्षमता के साथ आयोजित हो रही है।





टूर्नामेंट के लिए आवंटित इनामी राशि में से पुरुष एवं महिला प्रतियोगिताओं के विजेताओं को 20-20 लाख पाऊंड दिए जाएंगे। 2020 में चैंपियनशिप के रद्द होने के बाद, उन खिलाडियों को पुरस्कार राशि के बदले कुल एक करोड़ पाऊंड का भुगतान किया गया था जो उस वर्ष प्रतियोगिता में सीधे प्रवेश के लिए योग्य थे। क्वालिफाइंग कॉम्पिटिशन प्राइज मनी फंड को 2021 की तुलना में 26 फीसदी और 2019 की तुलना में 48.1 फीसदी से बढ़ाया गया है। पहले दौर में हिस्सा लेने वाले मुख्य ड्रॉ एकल खिलाड़ी 50,000 पाऊंड के लिए खेलेंगे। व्हीलचेयर और क्वाड व्हीलचेयर आयोजनों के लिए कुल पुरस्कार राशि में 2021 की तुलना में 19.8 प्रतिशत की वृद्धि और 2019 की तुलना में 40.1 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। डबल्स और मिक्स्ड डबल्स पुरस्कार राशि में 2021 में क्रमश~ 9.6 और 17.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# विदेश संदेश

## काठमांडू में भूकंप के झटके

**काठमांडू:** नेपाल की राजधानी काठमांडू में शुक्रवार देर रात 4.7 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे कई लोग नींद से जगकर घर




से बाहर निकलने पर विवश हो गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि भूकंप के झटके शनिवार देर रात दो बजकर 36 मिनट पर महसूस किए गए और इसका केंद्र भक्तपुर जिले में था।

यह स्थान काठमांडू से 15 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। अधिकारियों के मुताबिक, काठमांडू घाटी और आसपास के क्षेत्रों में भूकंप के झटके महसूस किए गए, लेकिन इस दौरान जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

## जर्मनी- स्कूल में महिला और 7 साल की बच्ची पर चाकू से हमला, हमलावर फरार

**बर्लिन।** दक्षिण-पश्चिमी जर्मनी के एक प्रारंभिक स्कूल में एक हमलावर ने चाकू से हमला कर एक महिला और सात वर्षीय एक बच्ची को घायल कर दिया। पुलिस ने इस घटना की पुष्टि करते हुए



कहा कि वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर भागने में सफल रहा। पुलिस ने बताया कि सुबह आठ बजे के करीब हुए इस हमले में घायल बच्ची और महिला (61 वर्षीय पर्यवेक्षक) को अस्पताल ले जाया गया। दोनों की जान को कोई खतरा नहीं है। स्टटगार्ट के पास एस्लिंगेन स्थित स्कूल एक क्षेत्रीय छुट्टी के लिए बंद कर दिया गया था, लेकिन छुट्टी के बावजूद कुछ बच्चों की वहां देखभाल की जा रही थी। पुलिस ने एक बयान में कहा कि अधिकारी एक संदिग्ध की तलाश कर रहे हैं, जिसकी उम्र 30-35 साल बताई जा रही है। जांचकर्ता हमले के आसपास की परिस्थितियों के बारे में भी जानकारी जुटा रहे हैं।

## संकट में श्रीलंका की ईंधन आपूर्ति, इस महीने पहुंचेगी भारतीय क्रेडिट लाइन के तहत अंतिम शिपमेंट

**कोलंबो।** भारतीय लाइन ऑफ क्रेडिट के तहत अंतिम ईंधन शिपमेंट इस महीने श्रीलंका पहुंचेगा। लेकिन भविष्य की आपूर्ति के निर्वाह पर फिलहाल कोई संकेत नहीं है जो भारत की सहायता पर निर्भर है। श्रीलंका में ईंधन की कमी इस कदर है कि लोगों को महीनों तक ईंधन और रसोई गैस खरीदने के लिए दुकानों के बाहर घंटों इंतजार करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। वहीं संकट को देखते हुए श्रीलंका के प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने नागरिकों से ईंधन और गैस का संयम से उपयोग करने का आग्रह किया है। श्रीलंकाई संसद में बोलते हुए उन्होंने कहा कि उनकी सरकार की मुख्य प्राथमिकता आर्थिक स्थिरता थी और यह कड़ी मेहनत और समर्पण के माध्यम से बुद्धिमानी से सोची गई परियोजनाओं को लागू करके ही प्राप्त किया जा सकता है। बता दें कि श्रीलंका में आर्थिक संकट के कारण भोजन, दवा, रसोई गैस और अन्य ईंधन, टॉयलेट पेपर और यहां तक कि माचिस जैसी आवश्यक वस्तुओं की भारी कमी हो गई है।

हम 16 जून को ILC (इंडियन लाइन ऑफ क्रेडिट) के तहत आखिरी डीजल शिपमेंट और 22 जून को आखिरी पेट्रोल शिपमेंट की उम्मीद कर रहे हैं। श्रीलंका की ईंधन खरीद पूरी तरह से आईएलसी पर निर्भर है। शुरू में 500 मिलियन अमरीकी डालर की क्रेडिट लाइन जिसे बाद में 200 मिलियन अमरीकी डालर के साथ पूरा किया गया था।

# सीएए हमारे लिए 'व्यर्थ', बांग्लादेश में हिंदू पहले से ज्यादा सुरक्षित: बांग्लादेशी नेता

**ढाका।** बांग्लादेश में रह रहा हिंदू समुदाय भारत में लाए गए नागरिकता संशोधन कानून को लेकर बहुत ज्यादा उत्साहित नहीं है और उसका मानना है कि यहां उसके समक्ष मौजूद चुनौतियों के समाधान में यह कानून अधिक मददगार नहीं है और अपनी मुश्किलों से उसे खुद ही निपटना होगा। यहां हिंदू समुदाय के प्रमुख नेता और महानगर सर्वजन पूजा समिति के अध्यक्ष मोनिंदर कुमार नाथ ने ने दावा किया कि शेख हसीना के शासन में बांग्लादेश में हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक पहले के मुकाबले कहीं ज्यादा सुरक्षित हैं, लेकिन साथ ही उन्होंने कहा कि इस संबंध में और अधिक कदम उठाए जाने की जरूरत है।

गौरतलब है कि पिछले साल ब्राह्मणबारिया और कुमिल्ला में सांप्रदायिक घटनाओं की शुरुआत हुई थी और ये चटगांव तक फैल गई थी। इस दौरान दुर्गा पूजा पंडालों को निशाना बनाया गया था। हालांकि शेख हसीना सरकार द्वारा उठाए गए त्वरित कदमों और कार्रवाई के कारण स्थिति में सुधार देखा जा रहा है। नाथ ने बताया कि सरकार के उपायों के चलते पिछले 12 सालों में देश में दुर्गा पूजा पंडालों की संख्या 15 हजार से बढ़कर 30 हजार के करीब हो गई है। महानगर सर्वजन पूजा समिति हिंदुओं के धार्मिक मामलों का एक केंद्रीय निकाय है जो बांग्लादेश में समुदाय के सदस्यों को दुर्गा पूजा उत्सव की इजाजत प्रदान करता है।

नाथ ने कहा कि पिछले कुछ सालों में शेख हसीना सरकार ने अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े मामलों में बेहद शानदार कदम उठाए हैं, जिसकी वजह से यहां



होने वाली घटनाओं पर लगाम लगाई जा सकी है। उन्होंने कहा कि इसका समुदाय के सरकारी संस्थानों में प्रतिनिधित्व पर असर हुआ है और पहले के मुकाबले अब अफसरशाही में हमारी तादाद बढ़ी है। उन्होंने यह भी कहा 'अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। एक अल्पसंख्यक मंत्री और अल्पसंख्यक आयोग की हमारी मांग को अभी पूरा किया जाना है। अपने इस अधिकार के लिए हम आवाज उठा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इसके जरिये हम अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा कर संकेंगे। नाथ ने कहा कि उनके एजेंडे में अलग अल्पसंख्यक मंत्रालय और अल्पसंख्यक आयोग है और उनका पूरा प्रयास है कि अगले साल होने वाले चुनाव के बाद उनके समुदाय को यह मंत्रालय/आयोग मिल जाए। गौरतलब है कि हसीना सरकार में धार्मिक मामलों का मंत्रालय है, लेकिन अल्पसंख्यक मामलों का अलग मंत्रालय नहीं है। धार्मिक मामलों का मंत्रालय देश में मस्जिद, मंदिर, चर्च, पैगोड़ा और गुरुद्वारों की देखभाल करता है। भारत सरकार द्वारा लाए गए CAA कानून को लेकर नाथ ने कहा, ''हमें इसकी जरूरत नहीं है, यह हमारा देश है और हम यहीं पर रहकर अपने अधिकारों को हासिल करेंगे। गौरतलब है कि भारत सरकार 2019 में नागरिकता संशोधन कानून लेकर आई थी और इसका उद्देश्य बांग्लाादेश, पाकिस्तान तथा अफगानिस्तान में अत्याचारों का शिकार अल्पसंख्यकों को भारत की नागरिकता प्रदान करना है। नाथ ने कहा कि शेख हसीना सरकार बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों के हितों के लिए कार्य कर रही है। सरकार के प्रयासों का ही परिणाम है कि ढाका में स्थित ढाकेश्वरी मंदिर को उसकी पूर्व में कब्जाई गई जमीन वापस मिल सकी है। उन्होंने कहा कि मंदिर को करीब 1.5 एकड़ जमीन उसके विस्तार के लिए मिली है।

## अमेरिकी रक्षा मंत्री की चेतावनी- भारत के साथ सीमाओं पर अपनी स्थिति मजबूत कर रहा चीन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड जेम्स ऑस्टिन ने शनिवार को चेतावनी देते हुए कहा कि चीन भारत के साथ सटी सीमाओं पर लगातार अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है। उन्होंने दोहराया कि अमेरिका अपने मित्रों के साथ खड़ा है, क्योंकि वे बीजिंग के ''जबरन युद्ध की स्थिति पैदा करने' और क्षेत्रीय दावों को लेकर ''आक्रामक रुख' अपनाने के बीच अपने अधिकारों की रक्षा कर रहे हैं। सिंगापुर में शांगरी-ला संवाद में ऑस्टिन ने कहा कि चीन दक्षिण चीन सागर में अपने क्षेत्रीय दावों को लेकर आक्रामक रुख अपना रहा है और अपनी अवैध समुद्री योजनाएं को आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा, ''आगे पश्चिम की ओर हम बीजिंग को भारत के साथ सटी सीमाओं पर अपनी स्थिति को




मजबूत करते हुए देख रहे हैं। भारत और चीन की सेनाओं के बीच पांच मई 2020 से पूर्वी लद्दाख में सीमा पर गतिरोध बना हुआ है, जब पैंगोंग झील इलाके में दोनों पक्षों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। चीन भारत से सटे सीमावर्ती इलाकों में सड़कों और रिहायशी इलाकों जैसे अन्य बुनियादी ढांचों का निर्माण कर रहा है। चीन का हिंद-प्रशांत क्षेत्र में वियतनाम और जापान जैसे विभिन्न देशों के साथ भी सीमा विवाद है। ऑस्टिन ने आश्वस्त किया, ''हम अपनी परस्पर रक्षा प्रतिबद्धताओं को लेकर अटल हैं।'' उनकी ये टिप्पणियां तब आई हैं, जब अमेरिका के एक शीर्ष जनरल ने कहा है कि चीन द्वारा लद्दाख में भारत के साथ सटी सीमा के पास बनाए जा रहे कुछ रक्षा ढांचे ''चिंताजनक'' हैं। उन्होंने क्षेत्र में चीनी गतिविधियों को ''आंखें खोलने'' वाली बताया। ऑस्टिन ने कहा कि अमेरिका भविष्य में किसी भी आक्रामकता से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा, ''हम अपने मित्रों के साथ भी खड़े हैं, जो चीन के जबरन युद्ध की स्थिति पैदा करने और क्षेत्रीय दावों को लेकर आक्रामक रुख अपनाने के बीच अपने अधिकारों की रक्षा कर रहे हैं।''

## पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ का निधन



**दुबई ।** पाकिस्तान के पूर्व परवेज मुशर्रफ का दुबई में निधन हो गया। परवेज की उम्र 78 साल थी और वो लंबे वक्त से बीमार चल रहे थे। उन्हें कैंसर था। मुशर्रफ 2001 से 2008 तक पाकिस्तान के राष्ट्रपति रहे। इसके पहले वो आर्मी चीफ भी रहे। करगिल की जंग के लिए मुशर्रफ को ही सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया जाता है। उन्होंने नवाज शरीफ का तख्तापलट किया था। हालांकि अभी आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। इससे पहले भी मुशर्रफ के बारे में निधन की खबरें आ चुकी हैं। वहीं, एएमपीएल ने एक बयान जारी कर कहा कि पूर्व राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्रफ पूरी तरह स्वस्थ हैं और घर पर हैं। उनका घर पर इलाज चल रहा है। मौत की खबर सही नहीं है।

## दुनिया का पहला देश बना कनाडा जहां हर सिगरेट पर लिखी जाएगी चेतावनी

**टोरंटो:** कनाडा दुनिया का पहला ऐसा देश बनने जा रहा है, जहां प्रत्येक सिगरेट पर स्वास्थ्य संबंधी चेतावनी लिखना अनिवार्य होगा। इससे पहले, देश में तंबाकू उत्पादों की पैकिंग पर चेतावनी के रूप में एक ग्राफिक चित्र लगाने की नीति लागू की गई थी। दो दशक पहले शुरू की गई इस नीति को दुनियाभर में अपनाया गया है। मानसिक स्वास्थ्य मंत्री कैरोलिन बेनेट ने शुक्रवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता में कहा, 'हमें उन चिंताओं को दूर करना है कि इन संदेशों का प्रभाव कम हो गया है। हर तंबाकू उत्पाद पर स्वास्थ्य संबंधी चेतावनी लिखने से सुनिश्चित किया जा सकेगा कि यह जरूरी संदेश प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे, जिसमें वे युवा भी शामिल हैं, जो एक बार में एक



सिगरेट लेते हैं और पैकेट पर लिखी चेतावनी नहीं देख पाते।' इस प्रस्ताव पर शनिवार से चर्चा होगी और सरकार को लगता है कि 2023 के अंत तक यह नियम लागू किया जा सकेगा। बेनेट ने बताया कि प्रत्येक सिगरेट पर 'हर कश में जहर है' संदेश लिखने का प्रस्ताव है। हालांकि, इसमें बदलाव भी किया जा सकता है।

## अमेरिका वरिष्ठ नागरिकों को ठगने का आरोपी भारतीय नागरिक गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** अमेरिका के कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने वर्जीनिया में एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया है जिस पर देशभर में वरिष्ठ नागरिकों को निशाना बनाकर एक घोटाले में शामिल होने का आरोप है। इस सिलसिले में अनिरुद्ध कालकोटे (24) को ह्यूस्टन में एक मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। कालकोटे पर साजिश रचने और धोखाधड़ी का आरोप है। इस मामले में एक अन्य आरोपी एम. डी. आजाद (25) है जो ह्यूस्टन में गैरकानूनी ढंग से रह रहा था और उसे 2020 में पहली बार आरोपित किया गया था। इन दोनों पर आरोप है कि इन्होंने कई बार लोगों को परेशान किया और पैसा नहीं देने



की सूरत में हमला करने की धमकी दी। फर्जी योजना चलाने के इस घोटाले में पहले ही तीन आरोपियों- सुमित कुमार सिंह (24), हिमांशु कुमार (24) और एम. डी. हसीब (26) पर मुकदमा चल रहा है और उन्हें सजा सुनाई जानी है। ये सभी भारतीय नागरिक हैं। न्याय मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार इस गिरोह ने कई प्रकार की सेवाएं देने के बहाने गलत तरकीब आजमा कर लोगों से पैसे ऐंठे।

## अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा, सिर्फ भारत ले सकता चीन से टक्कर

**सिंगापुर।** अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन का मानना है कि एशिया में सिर्फ भारत ही चीन से टक्कर ले सकता है। सिंगापुर में चल रहे शागरी-ला डायलॉग में चीन पर निशाना साधते हुए उन्होंने साफ कहा कि भारत की बढ़ती ताकत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता लाने में मददगार साबित होगी। अमेरिकी रक्षा मंत्री अपने व्याख्यान में चीन पर हमलावर दिखे। उन्होंने कहा कि चीन लगातार भारत सहित एशिया के अन्य देशों के खिलाफ आक्रामक रुख अख्तियार कर रहा है। ऐसी कोशिशों से केवल तनाव में ही वृद्धि होगी। उन्होंने ताइवान और दक्षिण चीन सागर के क्षेत्र में चीन की नौसेना के बढ़ते प्रभाव को चिंता का विषय करार दिया। ऑस्टिन ने कहा कि अमेरिका ताइवान समेत अपने मित्र राष्ट्रों के साथ हमेशा खड़ा है। यह स्थिति तब है, जबकि चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और जरूरत पड़ने पर ताइवान को जबरन चीन में समाहित करने की चेतावनी भी दे चुका है।

## दूसरे विश्व युद्ध के बाद ऐसा कभी नहीं हुआ, बाइडन बोले- जेलेंस्की हमारी सुनना नहीं चाहते थे

**वाशिंगटन।** तीन माह से ज्यादा समय से रूस व यूक्रेन के बीच जंग जारी है। इसे लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने तबाही का परोक्ष जिक्र करते हुए कहा कि दूसरे विश्व युद्ध के बाद ऐसा कभी नहीं हुआ। बाइडन ने यह भी कहा कि जब मैंने यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की को जंग के खतरे से आगाह किया तो उन्हें यकीन ही नहीं हो रहा था। वह हमारी सुनना ही नहीं चाहते थे।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने शुक्रवार को वॉशिंगटन में अपनी डेमोक्रेटिक पार्टी द्वारा यूक्रेन की मदद के लिए चंदा जुटाने के अभियान के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि युद्धग्रस्त यूक्रेन देश के राष्ट्रपति रूस के हमले से पहले यह सुनना भी नहीं चाहते थे



कि मॉस्को उन पर हमला करने वाला है। रूस और यूक्रेन के बीच जंग से भारी तबाही हो रही है। 24 मार्च को रूस द्वारा धावा बोलने के बाद से हजारों लोग और जवान मारे जा चुके हैं। निसंदेह रूस की तुलना की यूक्रेन व्यापक विध्वंस व संहार झेल रहा है।

जो बाइडन ने यह भी कहा कि दूसरे विश्व युद्ध के बाद से ऐसा नहीं हुआ। शुरुआत में कई लोगों ने सोचा होगा कि मैं बढ़ा-चढ़ाकर बातें कर रहा हूं, लेकिन हमारे पास सूचनाएं व आंकड़े थे। जंग के दौरान वे (रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन) हद पार करने वाले थे, यह भी जानकारी हमें थी, लेकिन जेलेंस्की इस खतरे के बारे में कुछ नहीं सुनना चाहते थे।

**जंग में रोज हो रही यूक्रेन के 200 सैनिकों की मौत**

उधर, राष्ट्रपति जेलेंस्की के सलाहकार मिखाइल पोडोलियेक के अनुसार रूसी हमले में रोज हमारे 100-200 सैनिक मारे जा रहे हैं। जब तक पश्चिमी देश हमें अत्याधुनिक हथियार नहीं देंगे रूस को माकूल जवाब नहीं दे सकेंगे। यूक्रेन हथियार संपन्न रहेगा तो मौतें कम होंगी और रूस फिर चर्चा शुरू करने को तैयार हो जाएगा।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
211019 से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।

## पाकिस्तान में कर्मचारी नहीं खरीद सकेंगे कार, विदेशी मुद्रा का भी संकट



**इस्लामाबाद।** आर्थिक संकट से परेशान पाकिस्तान के नागरिकों के लिए शहबाज शरीफ सरकार का पहला बजट मुसीबत बन कर आया है। अब पाकिस्तान में कर्मचारी नयी कार नहीं खरीद सकेंगे। साथ ही पाकिस्तान में विदेशी मुद्रा का भी जबर्दस्त संकट सामने आया है।

पाकिस्तान के वित्त मंत्री मिफ्ताह इस्माइल ने बताया कि पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार 10 अरब डॉलर से कम रह गया है। इससे केवल 45 दिनों के आयात का भुगतान किया जा सकता है। ऐसे में देश की 22 करोड़ आबादी के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। इस संकट से निपटने के लिए सरकार कड़े कदम उठा रही है। वित्त मंत्री के मुताबिक देश को इस स्थिति से निकालने के लिए अमीरों पर टैक्स बढ़ाया जाएगा, कारों के आयात पर प्रतिबंध लगाया जाएगा और सरकारी कर्मचारी नई कार नहीं खरीदेंगे। इस्माइल ने कहा कि सरकार टैक्स चोरी पर रोक लगाकर अगले वित्तीय वर्ष में सात लाख करोड़ रुपये राजस्व की वृद्धि करेगी। इस समय सकल घरेलू आय का 8.6 प्रतिशत राजकोषीय घाटा हो रहा है, वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए इसे घटाकर 4.9 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही सरकार ने निजीकरण से 96 अरब रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है।

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इन स्थितियों के लिए पिछली इमरान खान सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि वर्षों के आर्थिक कुप्रबंधन को सुधारने के लिए उनकी सरकार अब कड़े फैसले लेने को तैयार है।

## पाकिस्तान के बजट में चौतरफा महंगाई की मार, एसयूवी पर कर दोगुना किया, इमरान को कबूल नहीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान भारी आर्थिक बदहाली से जूझ रहा है। आवश्यक वस्तुओं के दाम पहले से आसमान चूम रहे हैं और शहबाज शरीफ सरकार द्वारा पेश नया बजट आग में घी डालेगा। बजट में एसयूवी पर कर दोगुना करने का प्रस्ताव है, जबकि पेट्रोल, मोबाइल, सिगरेट भी महंगी होगी। पूर्व पीएम इमरान खान ने करों में वृद्धि को अकल्पनीय बताया है। पाक वित्त मंत्री मिफ्ता इस्माइल द्वारा पेश बजट में कर बढ़ाने के कई प्रस्ताव पेश किए गए हैं। पाक सरकार का कहना है कि उसने अमीरों पर टैक्स बढ़ाए हैं। 1600 सीसी या इससे ज्यादा क्षमता के इंजन की कारों, जिनमें स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल यानी एसयूवी व सेडॉन कारें भी शामिल हैं, पर कर दोगुना कर दिया गया है। इस्माइल ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए संसद में 9,502 अरब रुपये का वार्षिक बजट पेश किया। उन्होंने एलान किया कि रक्षा क्षेत्र के लिए 1,523 अरब रुपये आवंटित किए जाएंगे। यह पिछले साल की तुलना में 11 फीसदी ज्यादा है। इस साल 1,523 रुपये रक्षा क्षेत्र के लिए आवंटित किए गए हैं। यह पिछले साल के 1,370 अरब रुपये के आवंटन से 11.16 फीसदी अधिक है। शरीफ सरकार भले कहे कि उसने आम लोगों पर बोझ नहीं डाला है, लेकिन सबसिडी घटाए जाने से बिजली 20 फीसदी से ज्यादा महंगी हो जाएगी।